चंदोवा	पुं.	1. एक प्रकार का छोटा मंडप;	چندو (ننڍو شاميانو)؛	चंदो (नंढो शाम्यानो);	small canopy, an awning;
		2. टोपी के ऊपर का गोल भाग;	چندو (ٽوپيءَ جو وچون حصو)؛	चंदो (टोपीअ जो विचों हिस्सो);	circular patch in cloth esp. in cap;
		3. मोर पंख की चंद्रिका।	اڌ چنڊ جو نشان (مور جي پڇ تي)؛	अधु चंड जो निशानु (मोर जे पुछ ते);	the crescent spot on a peacok's tail.
चंद्र	पुं.	1. चंद्रमा;	چنڊي؛	चंडी;	moon;
		2. चंद्रमा जैसा चिह्न;	چنڊ سادهه نشان؛	चंद्रमा जहिड़ो निशानु;	moon like spot;
		3. मोर की पूंछ की चंद्रिका;	مور جي پڇ تي اڌ چنڊ جو نشان؛	मोर जे पुछ ते अध चंड जो निशानु;	the eye in a peacock's tail;
		4 सानुनासिक वर्ण के ऊपर लगाई जानेवाली बिन्दी।	نون غنه جو نشان اکرمٿان نڪ جو آواز	नूनु गुने जो निशानु (अखर मथां नक जो आवाज़)	crescent placed over a letter to represent nasal sound.
चंद्रकांत	पुं.	एक प्रकार की प्रसिद्ध कल्पित मणि जो लोक प्रवाद के अनुसार चंद्रमा की किरणें पड़ने पर पसीजने लगती है।	هڪ خيالي مڻي جا چنڊ جي ڪرڻن پوڻ تي رجڻ بڻجي ٿي	हिक ख़्याली मणी जा चंड जे किरणनि पवण ते रिजण लगे थी	the moon-stone, a fabulous gem (supposed to be formed from the congelation of the rays of the moon and to dissolve under the influence of its light).
चंद्रग्रहण	पुं.	चंद्रमा की वह स्थिति जिसमें उसका कुछ या सारा बिंब पृथ्वी की छाया पड़ने के कारण दिखाई नहीं देता।	چنڊ گرهڻ	चंड ग्रहणु	lunar eclipse.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चंद्रबिंदु	पुं.	अर्ध अनुस्वार की बिंदी जिसका रूप यह ँ है।	نڪ جي اُچار جو نشان، چندربند	नक जे उचार जो निशानु, चंद्रबिन्दु	an arthographic representing the nasalization (of vowels or semivowels).
चंद्रमा	पुं.	पृथ्वी का एक प्रसिद्ध उपग्रह. चांद	چنڊ	चंडु	the moon.
चंद्रलोक	पुं.	1. चंद्रमा में स्थित संसार;	چندرلوڪ؛	चंद्र लोकु;	the sphere or heaven of the moon;
		2. आकाश-मंडल का वह क्षेत्र जिसमें चंद्रमा रहता है।	آڪاش منڊل جي اڙاڻي جنهن ۾ چنڊ آهي	आकाश मंडल जी एराज़ी जंहिं में चंडु आहे	
चंद्रवार	पुं.	सोमवार।	سوم	सूमरु	Monday.
चंद्रहार	पुं.	एक प्रकार का गले का हार जिसमें अद्‌र्ध चंद्राकार धातु के कई टुकड़े लगे रहते हैं और बीच में पूर्ण चंद्र के आकार का गोल टिकड़ा बना होता है।	چندرهار	चंद्रहारु	a necklace of circular pieces of gold, silver, etc. with a moon-like pendant in the centre.
चंद्रहास	पुं.	1. तलवार;	تلوار، ترار؛	तल्वार, तरारि;	glittering scimitar;
		2. चंद्रमा का प्रकाश।	چانڊوڪي	चांडोकी	moon-light.
चंद्रातप	पुं.	1. चंदोवा;	نندو شاميانو؛	नंढो शाम्यानो;	an awning, canopy;
		2. चांदनी।	چانڊوڪي، چانڊاڻ	चांडोकी, चांडाणि	moon light.
चंद्रिका	स्त्री.	1. चंद्रमा का प्रकाश, चांदनी;	چانڊڻي؛	चांडिणी;	moonlight. moonshine;
		2. मोर की पूंछ पर का वह अद्‌र्ध चंद्राकार चिह्न जो सुनहले मंडल से घिरा होता है।	چنڊيڪا، مور جي پڇ ۾ اڌ چنڊ جيان نشان	चंडिका, मोर जे पुछ ते अध चंड ज्यां निशानु	the crescent spot on a peacock's tail.
चंद्रोदय	पुं.	1. चंद्रमा के उदित होने की अवस्था, क्रिया या भाव;	چنڊ جو اُپرڻ، چندرودیہ؛	चंड जो उभिरणु, चंद्रोदय;	rising of the moon, moon-rise;
		2. चंदोवा।	چندو، شاميانو	चंदो, शाम्यानो	an awning.
चंपई	वि.	चंपा के फूल के रंग का।	چمپا گل جي رنگ جهڙو	चम्पा गुल जे रंग-जहिड़ो	of the colour of **champa** flower.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चंपक	पुं.	चंपा।	چمپا (گل)	चम्पा (गुलु)	tree bearing yellow, fragrant flowers.
चंपत	वि.	चलता, गायब।	گم، غائب	गुमु, ग़ाइबु	disappearing, vanishing.
चंपा	स्त्री.	1. एक प्रकार का वृक्ष जिसमें उग्र गंधवाले पीले लंबोतरे फूल लगते हैं;	چمپا (گل جو وڻ)؛	चम्पा (गुलु जो वणु);	tree **Michelia champacca** which bears fragrant yellow flowers;
		2. उक्त वृक्ष का फूल।	چمپا (گل)	चम्पा (गुलु)	yellow flower.
चंपाकली	स्त्री.	गले में पहनने का एक आभूषण जिसमें चंपा की कली के आकार के सोने के टुकड़े रेशम के डोरे में पिरोये हुए रहते हैं।	چمپا جي مُکڙين جهڙو سونو گلي جو هار	चम्पा जे मुखिड़्युनि जहिड़ो सोनो गले जो हारु	a necklace composed of little ornaments in the form of the bud of the **champa** flower.
चंपू	पुं.	साहित्यिक रचना का वह प्रकार जिसका कुछ अंश गद्य में हो और कुछ पद्य में।	نثر ۽ نظم ۾ گڏيل رچنا	नसुर ऐं नज़्म में गड़े लिख्यल रचना	a kind of elaborate and highly artificial composition in which the same subject is continued through alterations in prose and verse.
चंवर	पुं.	पशुओं मुख्यतः सुरा गाय की पूंछ के लम्बे बालों का वह गुच्छा जो दस्ते के अगले भाग में लगा रहता है और जिसे देवमूर्तियों, राजाओं आदि के ऊपर और इधर-उधर इसलिए हिलाया-डुलाया जाता है कि मक्खियां आदि न बैठने पावें।	چنور	चंवरु	whisk made of the tail of wild ox.
चक्र	पुं.	1. जमीन का लंब-चौड़ा बड़ा टुकडा;	چڪرو، زمين ٽڪر؛	चक्रो, ज़मीन-टुकरु;	piece of assigned land;
		2. चक्रवाक (पक्षी);	چڪرو (پکي)؛	चक्रो (पखी);	the Chakra bird;
		3. पहिया।	چڪرو، ڦيٿو	चक्रो, फीथो	wheel, discus.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चकई (चकवी)	स्त्री.	1. मादा चकवा;	چڪئي(چڪوي)؛	चकुइ (चकुवी);	female of ruddy goose;
		2. काठ का एक खिलौना जो लगी हुई डोरी पर ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है।	ڪاٺ جو رانڊيڪو جو ڏوري تي هيٺ مٿي هلندو چڙهندو آهي	काठ जो रांदीको जो डोरि ते हेठि-मथे लहंदो चढ़ंदो आहे	a whirling toy like a pulley.
चकत्ता	पुं.	1. रक्त विकार आदि के कारण पड़ा हुआ शरीर पर बड़ा गोल दाग;	داغ؛	दागु;	blotch on the skin, a sear;
		2. दांतों के काटने का चिह्न।	چڪ جو نشان	चक जो निशानु	mark made by biting.
चकती	स्त्री.	1. कपड़े, चमड़े, धातु आदि का छोटा टुकड़ा जो दूसरे कपड़े या चमड़े आदि में जोड़ की तरह लगाया गया हो, पैबंद;	چتي، پيوند؛	चती, पेवंदु;	small round piece or patch (of cloth, leather etc.);
		2. दुंबे की दुम।	گهٽي جو دُنب	घटे जो दुंबु	tail of the sheep called dumba.
चकनाचूर	वि.	1. जिसके टूट-फूटकर बहुत से छोटे-छोटे टुकड़े हो गए हों;	چڪناچور؛	चक्नाचूरु;	broken into fragments, shattered, dashed to pieces;
		2. बहुत अधिक थका हुआ।	تمام ٿڪل	तमामु थकलु	extremely tired.
चकबंदी	स्त्री.	छोटे-छोटे खेतों को एक में मिलाकर उनके बड़े-बड़े चक या विभाग बनाने की क्रिया या भाव;	چڪبندي	चकबंदी	consolidation of land-holdings.
चकमक	पुं.	एक प्रकार का पत्थर जिस पर चोट पड़ने से आग निकलती है।	چقمق	चक्मकु	flint.
चकमा	पुं.	किसी का ध्यान दूसरी ओर रख कर उसे दिया जानेवाला धोखा, भुलावा।	دوکو، ڪيڏ	दोखो, खेड़ु	hoodwinking, deception, trick.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चकराना	अ. क्रि.	1. चकित होना	چڪرائجڻ، حيران ٿيڻ؛	चकिराइजणु, हैरानु थियणु;	to be confused or astounded, to be perplexed, to be bewildered;
		2. सिर घूमना।	متو ڦرڻ	मथो फिरणु	ro feel giddy or dizzy.
	स. क्रि.	किसी को चक्कर या फेर में डालना, चकित करना।	حيران ڪرڻ	हैरानु करणु	to surprise, to astound.
चकरी	स्त्री.	1. चक्की;	چڪي؛	चक्की;	stone-mill;
		2. लड़कों के खेलने का चकई नाम का खिलौना।	چڪري، ڦرڻي	चकिरी, फिरिणी	a bandalore or sma wheel with a cord fixed to its centre which winds and unwinds itself alternately by the motion of hands.
चकला	पुं.	1. पत्थर या काठ का गोल पाटा जिस पर रोटी आदि बेली जाती है;	چڪلو(ماني ويلڻ لاءِ گول صندلي)؛	चकुलो (मानी वेलण लाइ गोलु संदुली);	a round plate on which bread is rolled, pastry board;
		2. व्यभिचारिणी स्त्रियों का अड्डा, वेश्यालय।	چڪلو(رنڊي خانو)	चकुलो (रंडीख़ानो)	brothel.
चकल्लस	स्त्री.	1. झगड़ा-बखेड़ा;	جهگڑو، فساد؛	झगिड़ो, फ़साद;	quarrel, altercation, row;
		2. मित्रों में होनेवाला हंसी-मजाक या हास-परिहास।	ڪل مسخري	खिल-मस्ख़री	friendly merriment or jesting.
चकवा	पुं.	एक जलपक्षी जिसके संबंध में प्रवाद है कि उसका रात को जोड़े से वियोग हो जाता है।	چڪئو(چڪوو) (پکي)	चकुओ (चक्वो) (पखी)	ruddy-goose.
चकाचौंध	स्त्री.	अत्यधिक चमक के सामने आँखों की झपक।	تروڀ، چڪاچوند	तिर्विरि, चका चौंधि	effect on the eyes of a sudden flash of light, dazzle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चकित	वि.	आश्चर्य में आया या पड़ा हुआ।	حيران	हैरानु	astonished, confounded, bewildered.
चकोटना	स. क्रि.	चुटकी से मांस नोचना।	چهنڊي پاڻڻ	चुहिंडी पाइणु	to pinch with fingers.
चकोतरा	पुं.	एक प्रकार का बड़ा जंबीरी नीबूं।	پپنس، بتاوي ليمو	पपिनसु, बतावी लीमो	kind of large (sweet) lemon, shaddock.
चकोर	पुं.	1. एक प्रकार का बड़ा पहाड़ी तीतर जो चंद्रमा का प्रेमी और अंगार खाने के लिए प्रसिद्ध है;	چکور؛	चकोरु;	the Indian red-legged patridge which is said to be enamoured of the moon and to eat fire;
		2. एक वर्षवृत्त का नाम।	هڪ چند جو نالو	हिक छंद जो नालो	(Poet) a kind of metre.
चकोरी	स्त्री.	मादा चकोर।	چکوري	चकोरी	the female of the **Cakor.**
चक्कर	पुं.	1. पहिए के आकार की कोई (विशेषतः घूमनेवाली) बड़ी गोल वस्तु;	ڦيٿو؛	फीथो;	wheel (of a cart etc);
		2. गोल या मंडलाकार घेरा;	چڪر، گول گهيرو؛	चकरु, गोलु घेरो;	circle, ring, discus;
		3. परिक्रमण;	چڪر، گول ڦيرو، ڦيري،	चकरु, गोलु फेरो, फेरी;	revolving in a circle, revolution, whirl, rotation;
		4. हैरानी;	حيراني؛	हैरानी;	confusion, bewilderment, baffle;
		5. सिर घूमना;	مٿو ڦرڻ؛	मथो फिरणु;	giddiness, dizziness;
		6. जटिलता;	ڏکيائي؛	डुख्याई;	maze, perplexity;
		7. पानी का भंवर।	ڪن	कुनु	whirl.
चक्करदार	वि.	घुमाव, पेच, फेरवाला।	چڪردار، پيچدار	चकदारु, पेचिदारु	meandering, round about.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चक्का	पुं.	1. पहिया;	ڦيٿو؛	फीथो;	circle, wheel (of a cart etc), anything round and flat;
		2. (दही आदि का) जमा हुआ टुकड़ा।	چڪو	चको	flat big fragment as of thick curd, coagneated milk.
चक्की	स्त्री.	आटा पीसने, दाल दलने आदि का वह प्रसिद्ध यंत्र जो एक दूसरे पर रखे हुए पत्थर के दो गोलाकार टुकड़ों के रूप में होता है और जिनमें से ऊपरवाले पत्थर के घूमने से उसके नीचे डाली हुई चीज़ें पिसती जाती हैं।	چڪي؛ جنڊ؛ جانڊ ع	चक्की, जंडु, जांडहि	mill-stone, grinding mill.
चक्र	पुं.	1. गाड़ी आदि का पहिया;	ڦيٿو؛ چڪر؛	फीथो, चकरु;	wheel (of a cart, etc);
		2. कुम्हार का चाक;	چڪ؛	चकु;	potter's wheel;
		3. लोहे के एक अस्त्र का नाम जो पहिए के आकार का होता है।	چڪر (گول هٿيار)؛	चकु (गोल हथियारु);	discus or sharp circular missile weapon;
		4. एक प्रकार का सैनिक व्यूह।	چڪرويو ع	चक्रव्यूह	form of military array.
चक्रवर्ती	वि.	(राजा) जिसका राज्य बहुत दूर-दूर तक और विशेषतः समुद्र-तट तक फैला हो।	چڪروريتي؛ شاهنشاه ع	चक्रवर्ती, शाहनिशाहु	sovereign of the world, universal monarch, emperor.
चक्रवृद्धि	स्त्री.	ऋण का वह प्रकार जिसमें मूलधन पर ब्याज देने के अतिरिक्त उस ब्याज पर भी ब्याज दिया जाता है जो किसी निश्चित अवधि तक चुकाया नहीं जाता।	گڏيل وياج ع	गड्यलु व्याजु	interest upon interest, compound interest.
चक्रव्यूह	पुं.	युद्ध में किसी व्यक्ति या वस्तु की रक्षा के लिए उसके चारों ओर कई घेरों में सेना की चक्करदार स्थिति।	چڪرويو ع (سيناجو گهيرو)	चक्रव्यूहु (सेना जो घेरो)	circular array of troops.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चक्षु	पुं.	आँख, नेत्र।	اک	अखि	the eye.
चचा(चाचा)	पुं.	बाप का छोटा भाई।	چاچو	चाचो	father's younger brother, paternal uncle.
चचिया	वि	चाचा के बराबर का संबंध रखनेवाला जैसे– चचिया ससुर अर्थात् पति या पत्नी का चाचा।	چاچيچاچيءجو رشتو	चाचे चाचीअ जो रिश्तो	pertaining to the paternal uncle or aunt.
चचेरा	वि.	चाचा से उत्पन्न।	چاچيجو(پٽ،ڌيءُ) سوٽ،سوٽ	चाचेजो (पुट, धीउ) सौटु, सौटि	pertaining to a paternal uncle, paternal uncle's (son etc.).
चचोड़ना (चिचोड़ना)	स. क्रि.	दांतों से खींच या दबाकर खाना या चूसना।	چبارڻ،چوسڻ	चबाड़णु, चूसणु	to suck by pressing under the teeth.
चट	क्रि.	1. जल्दी से:	جهٽ،جهٽپٽ،جلدي؛	झटि, झटिपटि, जल्दी;	quickly;
	वि.	2. चट शब्द करते हुए।	پچ-ٽٽجو آواز	भजु-टुट जो आवाज़ु	the sound of breaking, or snapping, cracking.
	स्त्री.	घाव आदि का दाग।	داغ	दाग़ु	a scratch, a slight cut or wound.
चटकदार	वि.	जिसमें चमक-दमक हो, चमकीला।	بهڪندڙ،پيچڪدار	बहिकंदड़ु, भभ्केदारु	bright, brilliant, glittering, gaudy.
चटकना (चिटकना, चटखना)	स. क्रि.	1. हल्की आवाज के साथ टूटना या तड़कना;	ٽڙڪڻ،ڏرڻ؛	टिड़कणु, डरणु;	to break, to crack with a report;
		2. दरार पड़ना;	ڏرڻ،ڏار پوڻ؛	डरणु, डार पवणु;	to split, burst, explode;
		3. कलियों आदि का चटचट शब्द करते हुए खिलना।	مکڙين جو آواز ڪندي ٽڙڻ	मुखिड़युनि जो आवाज़ु कंदे टिड़णु	to burst or open (as a bud), to bloom.
चटकनी (चिटकनी)	स्त्री.	किवाड़ बंद करने की कुंडी।	ڪنڊي،تاڙي	कुंढी, ताड़ी	latch, bolt (of a door).
चटक-मटक	स्त्री.	नाज़ नखरे से लोगों को अपनी ओर आकृष्ट करने के लिए शरीर के कुछ अंग हिलाने-डुलाने की क्रिया या भाव।	ناز نخرو	नाज़ु नख़िरो	gaudiness, ornamentation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चटकाना	स. क्रि.	1. ऐसा करना जिससे कोई वस्तु चटक जाए; 2. उंगलियों के पोरों को खींच कर या मोड़ते हुए दबाकर चट-चट शब्द करना।	ٽڙڪائڻ؛ ٺڪاءُڪيڻ	टिड्काइणु; ठकाउ कढणु	to break with a snap, to split; to produce a cracking of the finger-joints (by bending fingers)
चटकीला	वि.	1. जिसका रंग चमकीला और तेज हो; 2. जिसमें खूब नमक, मिर्च और मसाले पड़े हों।	پيڪيدار؛ چهرو، سوادي، چشڪيدار، لذيذ	भभ्केदारु; चहिरो, सवादी, चश्केदारु, लज़ीज़ु	bright, gaudy (colour); pungent, tasty, savoury, strong, in excess (as salt etc. in a dish)
चटनी	स्त्री.	खटाई के योग से बनाया हुआ अवलेह जो स्वाद के लिए भोजन के साथ खाया जाता है।	چٽني	चटिणी	kind of pickle or sauce (the solid ingredients of which are chopped or bruised and retained with the vinegar), ketchup, sauce.
चटपट	क्रि. वि.	बहुत जल्दी।	جهٽ پٽ	झटिपटि	quickly, instantly, hastily, abruptly, suddenly, all at once.
चटपटा	वि.	मिर्च-मसालेदार।	ذائقيدار، مصاليدار، سساڏو	ज़ाइकेदारु, मसालेदारु, सुसाडो	pungent, spicy, delicious.
चटवाना	स. क्रि.	किसी को कुछ चाटने में प्रवृत्त करना।	چٽاراڻ	चटाराइणु	to cause to be tasted or licked by someone.
चटाई	स्त्री.	1. बांस आदि खर जाति के डंठलों की खपचियों, ताड़ आदि के पत्तों को एक साथ गूंथ कर बनाया हुआ लंबा आसन या आस्तरण; 2. चाटने की क्रिया या भाव।	تڏو، تونري؛ چٽ	तड़ो, तौंरी; चट	mat. act of licking.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चटाना	स. क्रि.	1. किसी को कुछ चाटने में प्रवृत्त करना;	چٽائڻ، چکائڻ؛	चटाइणु, चखाइणु;	to cause to lick;
		2. घूस या रिश्वत देना।	رشوت ڏيڻ	रिश्वत डियणु	to bribe.
चटोर (चटोरा)	वि.	1. जिसे चटपटी चीजें खाने का शौक हो;	چٽو؛	चटो;	(person) fond of spicy things;
		2. अधिक खाने का लोभी।	هيچي	हंविछी	greedy, voracious.
चटोरपन	पुं.	चटोरे होना का गुण, अवस्था या भाव।	چٽائي	चटाई	greediness in eating, toothsomeness.
चट्ट	वि.	(माल) जो खा-पीकर खत्म कर दिया गया हो।	چٽ، کاڏل، کاڄي ويل	चटु, खाधलु, खाजी वियलु	finished, eaten up.
चट्टा	पुं.	1. शरीर पर कुष्ट आदि के कारण निकला हुआ चकत्ता, ददोरा;	چٽو، داغ؛	चिटो, दागु;	red spot, pimple, etc.
		2. ईंट, बालू, मिट्टी आदि को गिनने या नापने के लिए लगाया हुआ ढेर।	ڍير، ڍڳه	ढेरु, ढिगु	heap, pile (of bricks, etc).
चट्टान	स्त्री.	पत्थर का बहुत बड़ा और विशाल खंड।	چپ، ٽڪر	छिप, टकरु	large block of stone, rock.
चट्टी	स्त्री.	1. खुली एड़ी का एक प्रकार का जूता;	چاکڙي؛	चाखिड़ी;	wooden silpper or sandal;
		2. टिकाव।	ترسڻ جو هنڌ، ٽڪاءُ، بيهڪ، منزل	तरिसण जो हंधु, टिकाउ, बीहक, मंज़िल	halting place, stage.
चड्ढी	स्त्री.	एक प्रकार का लंगोट।	ڪچو، چڊي	कछो, चढी	undergarment, underwear worn round the loins.
चढ़ी	स्त्री.	1. पीठ की सवारी;	چڙهي، ڊڊي؛	चढ़ी, डडी;	riding, mounting (on an animal, or man's back);
		2. बच्चों का एक खेल जिसमें वे एक दूसरे की पीठ पर चढ़कर सवारी करते हैं।	ڊڊي، گهوڙي (راند)	डडी, घोड़ी (रांदि)	children's play where one child rides the back of another.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चढ़त	स्त्री.	वह जो कुछ चढ़ाया (श्रद्धापूर्वक देवी-देवता की भेंट किया) गया हो।	چڑهاؤ، پيٽا، نذرانو	चढ़ाओ, भेटा, नज़रानों	offering to a god.
चढ़ना	अ. क्रि.	1. सवार होना;	چڑهڻ، سوار ٿيڻ؛	चढ़णु, सुवारु थियणु;	to climb, to mount, to ascend;
		2. किसी चीज़ का मान, मूल्य आदि बढ़ना;	چڑهڻ، مُلهه وڌڻ؛	चढ़णु, मुल्हु वधणु;	to rise, to soar (as a price, river etc.);
		3. उन्नति करना, आगे बढ़ना;	چڑهڻ، ترقي ڪرڻ، اڳتي وڌڻ؛	चढ़णु, तरक्की करणु, अगिते वधणु;	to be raised, elevated, exalted, promoted;
		4. एकत्र होना, बढ़ जाना;	ڪٺو ٿيڻ، وڌڻ؛	कठो थियणु, वधणु;	to accumulate, fall in arrears (as pay etc);
		5. बहीखाते आदि में नामों, रकमों आदि का अंकित होना;	داخلا ٿيڻ (نالو) يا رقم چاڑهڻ)؛	दाखिला थियणु (नालो या रकम चाढ़णु);	to be entered (in as an account or item);
		6. आक्रमण करना, चढ़ाई करना;	حملو ڪرڻ، چڑهائي ڪرڻ؛	हम्लो करणु, चढ़ाई करणु;	to invade;
		7. असर होना, प्रभावित होना;	اثر ٿيڻ؛	असरु थियणु;	to enter (the system, or head, etc.) and take effect (as poison, intoxicants, fever, etc.);
		8. देवता आदि को भेंट किया जाना;	پيٽ چڑهڻ؛	भेट चढ़णु;	to be offered as a sacrifice;
		9. आवेश होना (भूत आदि का)।	لاڳت ٿيڻ	लागुत थियणु	to be possessed (by an evil spirit)
चढ़वाना	स. क्रि.	1. किसी को कहीं चढ़ने में प्रवृत्त करना;	چڑهائڻ؛	चढ़ाइणु;	to cause to ascend, to climb or mount, to override;
		2. चढ़ाने का काम करना।	چاڑهڻ، مٿي ڪرڻ	चाढ़णु, मथे करणु	to cause to be raised, to have a thing etc. raised.
चढ़ाई	स्त्री.	1. ऊंचाई की ओर जानेवाली भूमि;	چاڑهي؛	चाढ़ी;	ascent, rise;
		2. आक्रमण।	چڑهائي، ڪاهه، حملو	चढ़ाई, काह, हम्लो	attack, assault, invasion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चढ़ान	स्त्री.	1. ऐसा स्थान जो बराबर ऊपर की ओर उठता या चढ़ता चला गया हो;	چاڙهي، چاڙهه؛	चाढ़ी, चाढ़;	ascent;
		2. चढ़ने की क्रिया या भाव।	چڙهائي، چڙهڻي	चढ़ाई, चढ़णी	the act of climbing.
चढ़ाना	स. क्रि.	1. चढ़ने में प्रवृत्त करना;	چاڙهڻ؛	चाढ़णु;	to cause to climb;
		2. ऊपर ले जाना;	اٿارڻ؛	उथारणु;	to cause to rise ;
		3. देवता को भेंट देना;	پيٽ چاڙهڻ؛	भेट चाढ़णु;	to submit or present something (esp. to deity);
		4. बही, कागज आदि पर लिखना;	بندي ۾ چاڙهڻ؛	बंदीअ में चाढ़णु;	to record or register;
		5. सवारी आदि पर किसी को बैठाना।	وهٽ تي وهارڻ	वहिट ते विहारणु	to put (on, upon or into).
चढ़ाव	पुं.	1. ऊंचाई;	چڙهاءُ، اوچائي؛	चढ़ाउ, ऊचाई;	ascent, height;
		2. चढ़ने की क्रिया या भाव;	چڙهائي (ڪم)؛	चढ़ाई (कमु);	act of climbing or mounting;
		3. वृद्धि;	واڌ؛	वाधि;	rise, increase, swelling;
		4. चढ़ावा।	چڙهاءُ (مندر ۾ پيٽ)	चढ़ाओ (मंदिर में भेट)	offerings.
चढ़ावा	पुं.	1. वे आभूषण जो विवाह के समय कन्या के लिए वर पक्ष के घर से आते हैं;	گهر-گنا (جي گهوٽيا ڪنوار کي موڪلين)	गृह-गठा (जे घोटेता कुंआरि खे मोकिलीनि);	ornaments presented to the bride on the day of her marriage;
		2. वे चीज़ें जो श्रद्धापूर्वक किसी देवता को चढ़ाई जाएं।	چڙهاءُ، پرساد	चढ़ाओ, प्रसादु	offering, oblation (made to god).
चतुरंगिणी	स्त्री.	ऐसी सेना जिसमें हाथी, घोड़े, रथ और पैदल ये चारों अंग हों।	چوانگي فوج (جنهن ۾ هاتي، گهوڙا، رٿ ۽ پيادا هجن)	चौ-अंगी फौज (जंहिं में हाथी, घोड़ा, रथ ऐं प्यादा हुजनि)	an entire or complete army, comprising elephants, chariots, cavalry and infantry.
चतुर	वि.	1. जिसकी बुद्धि प्रखर हो;	چتر، ٻڌيمان؛	चतुरु, बुढ़ीमानु;	expert, dexterous, skilful, ingenious;
		2. चालाक।	چالاڪ، حرفتي، تري ناڪ	चालाकु, हिर्फ़ती, तरीनाकु	clever, cunning, astute, sly, shrewd.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चतुराई	स्त्री.	होशियारी, चालाकी।	هوشياري، چالاڪي، چترائي	होशियारी, चालाकी, चतुराई	sagacity, skilfulness.
चतुर्थ	वि.	चौथा।	چوٿون	चोथों	fourth, quarter.
चतुर्थी	स्त्री.	1. चांद्रमास के किसी पक्ष की चौथी तिथि;	چوٿ،	चोथि;	the fourth day in a lunar fortnight;
		2. संस्कृत व्याकरण में संप्रदान कारक या उसमें लगनेवाली विभक्ति।	سنسڪرت وياڪرڻ ۾ چوٿين حالت، مفعول ثاني	संस्कृत व्याकरण में चोथीं हालति, मफ़ऊलु सानी	the fourth (or dative) case (in gram.).
चतुर्दशी	स्त्री.	चांद्रमास के किसी पक्ष की चौदहवीं तिथि।	چوڏس	चोडसि	the fourteenth day of a lunar fortnight.
चतुर्दिक	क्रि. वि.	चारों ओर।	چوڌاري، چوطرف	चौधारी, चौतर्फ़ि	on all sides, all around.
चतुर्भुज	वि.	1. जिसमें चार भुजाएं या कोण हों;	چوڪنڊو،	चौकुंडो;	having four arms, quadrilateral;
		2. विष्णु।	وشنو ڀگوان جو نالو	विष्णु भगवान जो नालो	epithet of Vishnu.
	पुं.	जिसकी चार भुजाएं हों।	چوبانهون	चौबांहों	foursided figure.
चतुर्मास	पुं.	आषाढ़ मास की शुक्ला एकादशी से कार्तिक शुक्ला एकादशी तक की अवधि जिसमें विवाह आदि शुभ काम वर्जित हैं।	آڪاڙ مهينيءَ جي گيارس کان ڪتيءَ جي گيارس تائين، مهينا، جن ۾ شاديون وغيره نه ٿيندڙ يون آهن، چوماسو	आखाड़ महीने जी ग्यारसि खां कतीअ जी ग्यारसि ताईं चारि महीना, जिनि में शाद्यूं वगैरह न थींदूं आहिनि, चौमासो	period of four months (reckoned from the 11th day in the bright half of आषाढ़ to the 11th day in the bright half of कार्तिक during which auspicious ceremonies like marriage, etc. are prohibited).
चतुर्वर्ण	पु.	हिन्दुओं के चारों वर्ण-ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्र।	چار ورڻ	चारि-वर्ण	the four classes or castes of Hindus, viz. the **Brahman, Kshtriya, Vaisya** and **Sudra.**
चतुष्कोण	वि.	चार कोणोंवाला।	چوڪنڊو، چورس	चौकुंडो, चौरसि	quadrangular.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	ज्यामिति में वह क्षेत्र जिसमें चार कोण हों।	چوڪنڊو (چوررس مستطيل وغيره)	चौकुंडो (चौररसि मुस्ततीलु वग़ैरह)	quadrangular figure, tetragon, square etc.
चतुष्टय	पुं.	1. चार की संख्या; 2. चार चीजों का वर्ग या समूह; 3. फलित ज्योतिष में जन्म-कुंडली में केन्द्र, लग्न और लग्न से सातवां तथा दसवां घर।	چئن جوانگه؛ چئن شين جو ميڙ؛ چوڪڙي؛ جوتش موجب چئي ۽ ستين ۽ ڏهين نشاني	चइनि जो अंगु; चइनि शयुनि जो मेड़ु, चौकिड़ी; जोतिष मुजिबि छठीअ में पहिरीं, चोथीं, सतीं ऐं डुहीं निशानी	the number four; group or collection of four; the first, fourth, seventh and tenth signs of the Zodiac.
चतुष्पद	पुं	1. चार पैरोंवाला, चौपाया; 2. (पद्य) जिसमें चार चरण या पद हो।	چوپايو، چار پيرو؛ بيت جنهن ۾ چار سٽون هجن، چوپدي، چوپائي	चौपायो, चारि पेरो; बैत जंहिं में चारि सिटूं हुजनि, चौपदी, चौपाई	having rour feet, quadruped; metre or stanza consisting of four padas or lines.
चत्वर	पुं.	1. चौराहा; 2. हवन आदि के लिए बनाया हुआ चौतरा या वेदी।	چوواٽو، چونڪ؛ ٿلهو، چبوترو، (جو هون وغيره لاءِ ٺاهيل هجي)	चौवाटो, चौंकु; थल्हो, चबूतिड़ो, (जो हवन वग़ैरह लाइ ठाह्यलु हुजे)	place where four roads meet, crossing; levelled spot of ground prepared for a sacrifice.
चद्दर (चादर)	स्त्री.	1. कपड़े का लम्बा चौड़ा टुकड़ा जो बिछाने या ओढ़ने के काम आता है; 2. धातु का लम्बा-चौड़ा टुकड़ा।	چادر؛ چادر، پترڙ	चादर; चादर, पड़छ	bed-sheet; sheet (of tin, cement, etc.).
चना	पुं.	चैती फसल का एक प्रधान अन्न।	چڻو	चणो	gram.
चपड़ा	पुं.	1. साफ़ की हुई लाख का पत्तर; 2. किसी चीज़ का चिप्पड़ या पत्तर; 3. लाल रंग का एक प्रकार का फतिंगा जो गंदे और सील वाले स्थानों में रहता है।	چپڙ الاک؛ چلر، تُه، چلڪو؛ گاڙهي رنگ جو ڪيڙو، جو گندي ۽ گهميل جاءِ ۾ هوندو آهي	चपड़ा लाख; छिलुरु, तुहु, छिल्को; गाढ़े रंग जो किओं, जो गंदी ऐं घिम्यल जाइ में हुंदो आहे	shell lac, lac; husk, bran; kind of moth of red colour often found in dirty and moist places.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चपत	पुं.	1. तमाचा; 2. हानि।	چماٽ(چپاٽ)ٿڦڙ؛ نقصان،گھاٽو	चमाट (चपाट) थफड़; नुक्सानु, घाटो	slap, push; loss.
चपरास	पुं.	दफ्तर या मालिक का नाम खुदी हुई पीतल आदि की छोटी पट्टी जिसे पेटी या परतले में लगाकर चौकीदार, अरदली आदि पहनते हैं।	چپراس،پلو	चपरासु, बिलो	breastplate, a plate worn on a belt (as a mark of office), a badge.
चपरासी	पुं.	कार्यालय के कागज़-पत्र आदि लाने या ले जानेवाला नौकर।	پٽيوالو،چپراسي	पटेवालो, चपरासी	peon, orderly.
चपल	वि.	स्थिर न रहनेवाला।	چنچل؛ فرٽوگھرٽو، اسٿر،	चंचलु; फिरिणो घिरिणो, अस्थिर,	tremulour. wavering, fickle, active. quick, swift.
चपलता	स्त्री.	चंचलता।	چنچلتا،اسٿرتا	चंचलता, अस्थिरता	activity, agility, fickleness.
चपला	स्त्री.	1. बिजली; 2. स्थिर या गंभीर न रहनेवाली, दुश्चरित्र स्त्री; 3. लक्ष्मी; 4. जीभ।	بجلي؛ چنچل اسٽري، بيوفا نار؛ لچھمي(لکشمي)؛ چپ،زبان	बिजिली; चंचलु स्त्री, बेवफ़ा ज़ाल; लछिमी (लक्ष्मी); ज़िभ, ज़बान	lightning; unchaste or disloyal wife; Laksmi, the goddess of wealth; tongue.
चपाती	स्त्री.	पतली रोटी।	فلڪو	फुल्को	thin cake or bread epared from wheat.
चपेट	स्त्री.	1. आघात; 2. कठिनाई या संकट की स्थिति।	چوٽ،چپيٽ؛ مُصيبت	चोट, चपेट; मुसीबत	blow, slap; sudden misfortune, involvement.
चपेटना	स क्रि	1. दबोचना; 2. क्रोधपूर्वक डराते-धमकाते हुए किसी पर बिगड़ना।	متان پوڻ،اچانڪ پڪڙڻ؛ ڌمڪائڻ،دباڻ	मथां पवणु, अचानक पकड़णु; धम्काइणु, दबाइणु	to pounce, to seize suddenly; to remonstrate, to admonish.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चपेटा	पुं.	चपेट।	چماٽ، ٿڦڙ	चमाट, थफड़	slap, thump, cuff.
चप्पल	स्त्री.	खुली एड़ी का जूता जिसमें आगे की ओर चमड़े आदि की पट्टियां होती हैं।	چپل	चप्पलु	slipper, sandal.
चप्पा	पुं.	1. चार अंगुली का नाप;	چپو، گرانٽ؛	चप्पो, गिरांठि;	span, hand's breadth;
		2. भूमि का बहुत छोटा टुकड़ा;	زمين جو ننڍو ٽڪرو؛	ज़मीन जो नंढो टुकरु;	small piece of land;
चप्पू	पुं.	नाव का वह डांड़ जो पतवार का भी काम देता है।	چوٿو، پارچو	चोथो, पार्चो	paddle, oar.
चबवाना	स.	किसी को कुछ चबाने में प्रवृत करना।	گڻ، هاليسو، چپو	गुनु, हालीसो, चपो	to cause to chew.
चबाना	स.	खाते समय किसी चीज	چبارڻائڻ	चबाड़ाइणु	to chew, to munch.
	क्रि.	को दांतों से बार-बार इस प्रकार दबाते हुए काटना या कुचलना कि वह छोटे-छोटे कणों में विभक्त हो जाए।	چبارڻڻ	चबाड़णु	
	पुं.	मकान के अगले भाग में बैठने के लिए बनाई हुई खुली चौकोर जगह।	ٿلهو، چبوترو	थल्हो, चबूतिड़ो	raised and levelled piece of ground (to sit and converse on), dais, platform.
चबेना (चबैना)	पुं.	चबाकर खाने के लिए सूखा भूना हुआ चना अथवा और कोई अन्न।	پڳاڻ (ڦلايا پڳڙا)	भुगुलु अनु (फुला या भुगिड़ा)	parched grain or gram.
चमक	स्त्री.	प्रकाश, कांति।	چمڪو، روشني، تجلو	चिम्को, रोशनी, तिजिलो	shine, lusture, glare, flash.
चमक-दमक	स्त्री.	तड़क-भड़क।	چمڪ دمڪ، تيج	चमक-दमक, तेजु	glamour, glitter, splendour, sheen.
चमकदार	वि.	जिसमें चमक हो।	چمڪدار، تجليدار	चमकदारु, तजिलेदारु	shining, glittering, sparkling.
चमकना	अ. क्रि.	1. प्रकाश या ज्योति से युक्त होना;	چمڪڻ	चिम्कणु	to shine, to twinkle;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कांति या आभा से युक्त होना;	چمڪڻ؛	चिम्कणु;	to be bright, to be polished;
		3. उन्नति करना;	چمڪڻ؛ ترقي ڪرڻ؛	चिम्कणु, तरक्की करणु;	to do well, prosper, flourish, thrive, to become renowned or illustrious.
		4. किसी को देखकर घबराते हुए पीछे हटना, बिदकना।	ڇرڪڻ؛ ٽهڻ	छिर्कणु, टहणु	to be startled.
चमकाना	स. क्रि.	कांति, दीप्ति या चमक से युक्त करना।	چمڪائڻ	चिम्काइणु	to polish, to make shining.
चमकी	स्त्री.	रुपहले या सुनहले तारों के वे छोटे-छोटे चिपटे टुकड़े जो जरदोजी के काम में लगाए जाते हैं।	ڪوڙو مڪيس، پني	कूड़ो मुकेसु, पनी	tinsel.
चमकीला	वि.	जिसमें चमक हो, चमकदार।	چمڪندڙ؛ منور؛ روشن	चिम्कंदड़ु, मुनवरु, रोशनु	shiny, bright, sparkling, glittering.
चमगादड़	पुं.	केवल रात के समय उड़नेवाला एक जन्तु जिसके चारों पैर झिल्लीदार होते हैं और जो दिन के समय वृक्षों की डालों आदि में लटका रहता है। इसे दिन में दिखाई नहीं देता।	چمڙو	चमिड़ो	bat.
चमचमाना	अ. क्रि.	खूब चमकना।	چمڪڻ؛ پهڪڻ	चिम्कणु, बुहकणु	to glitter, to shine to sparkle.
	स. क्रि.	ऐसी क्रिया करना जिससे कोई चीज़ खूब चमकने लगे।	چمڪائڻ	चिम्काइणु	to brighten.
चमचा (चम्मच) (चमची स्त्री.)	पुं.	कलछी की तरह का एक प्रसिद्ध छोटा उपकरण जिससे अंडाकार छोटी कटोरी में लम्बी डांडी होती है, और जिससे कोई चीज़ उठाकर खाई या पी जाती है।	چمچو، ڪيوي چاپلوس، خوشامندي	चिम्चो, केवी चापिलूसु, खुशामंदी	small spoon, (fig.) toddy, sycophant, flatterer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		या निकाली जाती है; (ला.) किसी का पिट्ठू, चापलूस, खुशामदी।			
चमड़ा	पुं.	1. मरे हुए पशुओं की अथवा पशुओं को मार कर उनकी उतारी हुई खाल का छील कर तथा सिझाकर औद्योगिक कार्यों के लिए तैयार किया हुआ रूप;	چمڑو، کل؛	चमिड़ो, खल;	leather, hide;
		2. त्वचा।	چمڑي، کل	चमिड़ी, खल	skin.
चमड़ी	स्त्री.	त्वचा।	چمڑي، کل	चमिड़ी, खल	skin.
चमत्कार	पुं.	कोई ऐसी अनदेखी बात जिसे देख कर सब लोग चौंक पड़ें और यह न समझ सकें कि यह कैसे हो गयी।	اچنبو، معجزو، کرامت، چمتڪار	अचंभो, मुअजज़ो, करामत, चमत्कारु	miracle.
चमत्कारी	वि.	1. जिसमें चमत्कार हो;	ڪرامتي، چمتڪاري؛	करामती, चमत्कारी;	astonishing, surprising, miraculous, spectacular;
		2. चमत्कार दिखानेवाला।	ڪرامت وارو	करामत वारो	showing or performing miracles.
चमत्कृत	क्रि.	चकित।	حيران، عجيم، پئل	हैरानु, अजब में पिअलु	surprised, astonished, amazed
चमन	पुं.	छोटा बगीचा।	چمن، ڦلواڙي	चमनु, फुल्वाड़ी	flower-garden, blooming, verdant or flourishing place
चमरौधा	पुं.	वह देशी जूता जिसका तला चमड़े से सीया हो।	چرمسان سيل جي	चम सां सिब्यल जुती	kind of shoe whose sole is stitched with leather.
चमार	पुं.	1. एक जाति जो चमड़े के जूते, आदि बनाती तथा उनकी मरम्मत करती है;	چمار، سوچي، موچي؛	चमारु, सोची, मोची;	cobbler, shoe-maker;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. नीच प्रकृतिवाला आदमी।	چمار، نيچ ماڻهو	चमारु, नीचु माण्हू	mean person.
चमारिन	स्त्री.	चमार की स्त्री।	چمارڻ (چمار جي زال)	चमारिणि (चमार जी ज़ाल)	woman of the **Camar** caste; the wife of a **Camar.**
चमू	स्त्री.	प्राचीन भारत में सेना 729 का वह विभाग जिसमें 729 हाथी, 729 रथ, 2187 घुड़सवार और 3645 पैदल सैनिक होते थे।	فوججو اهو ڀاگو جنهن ۾ 729 هاڻي، 729 رٿ، 2987 گهوڙيسوار ۽ 3645 پيادا هجن	फौज जो उहो भागो जंहिं में 729 हाथी, 729 रथ, 2987 घोड़ेसुवार ऐं 3645 प्यादा हुजनि	division of an army consisting of 729 elephants, as many chariots, 2187 horses and 3645 foot.
चमेली	स्त्री.	1. एक प्रसिद्ध लता जिसमें पीलापन लिए सफ़ेद रंग के छोटे-छोटे सुगंधित फूल लगते हैं;	چنبيلي؛	चंबेली;	jasmine.
		2. उक्त लता का फूल।	چنبيلي (گل)	चंबेली (गुल)	its fragrant flower.
चयन	पुं.	चुनने का कार्य, चुनाव।	چونڊ	चूंड	work of collecting or picking.
चयनिका	स्त्री.	चुनी हुई कविताओं, कहानियों आदि का संग्रह।	چونڊ لکيتن جو مجموعو	चूंड लिख्यतुनि जो मज्मूओ	anthology of poems, short stories etc.
चयनीय	वि.	जो चुने जाने के योग्य हो।	چونڊ لائق	चूंड लाइकु	worthy of selection, worth selecting.
चर	पुं., वि.	1. दूत;	دوت، ايلچي؛	दूतु, एल्ची;	ambassador, emissary, envoy;
		2. जासूस;	جاسوس؛	जासूसु;	spy, secret emissary or agent;
		3. जो इधर-उधर चलता फिरता हो।	چرندڙ	चुरंदड़ु	moving, going, walking.
चरई	स्त्री.	पशुओं को चारा या पानी देने के लिए पत्थर आदि का बना हुआ हौज़।	آهر، ڪونڙ	आहुरु, कूनरु	manger, trough which is used for feeding cattle.
चरखा(चर्खा)	पुं.	हाथ से सूत कातने का काष्ठ निर्मित यंत्र।	چرخو، ايٽ	चर्खो, ऐटु	spinning wheel.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चरखी(चर्खी)	स्त्री.	1. पहिए की तरह घूमनेवाली कोई वस्तु;	چرخي، گرڻي	चर्खी, गिर्णी;	revolving wheel.
		2. छोटा चरखा;	ننڍو چرخو	नंढो चर्खो;	small spinning wheel;
		3. सूत लपेटने की फिरकी;	ريل	रीलु;	reel;
		4. कुएं से पानी आदि खींचने की गराड़ी।	گرڻي	गिर्णी	pulley.
चरण	पुं.	1. पूज्य व्यक्ति के पांव के लिए आदरसूचक शब्द;	چرڻ، پير	चरण, पेर;	foot;
		2. किसी चीज़ का चौथाई भाग;	چوٿون حصو	चोथों-हिस्सो;	quarter, quarter part of anything;
		3. किसी छंद, श्लोक आदि की पूरी पंक्ति अथवा चौथा भाग।	ڪنهن چندم سٽ جو اڌ پاڳو، چرڻ	कंहिं छन्द में सिट जो अधु भाडो, चरणु	foot (of a verse), a dectyal.
चरण-चिह्न	पुं.	पैर का निशान।	پيرو، پيرجو نشان	पेरो, पेर जो निशानु	foot mark, foot print.
चरण-सेवा	स्त्री.	किसी पूज्य व्यक्ति के पैर दबाकर की जानेवाली सेवा।	چرڻ شيوا، وڏن جي خدمت	चरण-शेवा, वडुनि जी ख़िज़मत	service, devotion, obsequious attendance.
चरणामृत	पुं.	1. दूध, दही, घी, चीनी और शहद का वह मिश्रण जिसमें किसी देवमूर्ति को स्नान कराया गया हो;	چرڻامرت، (کير، ڏهي، گهه، کنڊ، ۽ ماکي ۽ جو گاريو جنهن سان مورتي ۽ يا وهنجاريجي)	चरणामृत, (खीर डुही, गीह, खंडु ऐं माखीअ जो गारो जंहिं सां मूर्तीअ खे विहिंजाजे);	mixure of milk, curd, ghee and suagr which is offered to deity.
		2. वह पानी जिसमें किसी महात्मा या पूज्य व्यक्ति के चरण धोए गये हों।	اهو پاڻي جنهن سان ڪنهن مهاتما جا پير ڌوتا وياهجن	उहो पाणी जंहिं सां कंहिं महात्मा जा पेर धोता विया हुजनि	ambrosia of the feet, the water with which the feet of a Brahman or an idol are washed.
चरना	स. क्रि.	पशुओं का खेतों आदि में उगी हुई घास, पौधे आदि खाना।	چرڻ	चरणु	to graze.
चरनी	स्त्री.	1. पशुओं के चरने का स्थान;	چراگاهه	चरागाहु;	grazing ground (for animals);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह पात्र जिसमें पशुओं को चारा खिलाया जाता है।	آهُر	आहुरु	feeding trough, manger.
चरपरा	वि.	जिसमें खटाई, मिर्च आदि कुछ अधिक मात्रा में मिली हो।	مصاليدار،تکو/کٹو	मसालेदारु, तिखो/खटो	pungent,, spicy:
चरपराहट	स्त्री.	1. स्वाद की तीक्ष्णता, चरपरी वस्तु के खाने पर मुंह में हल्की सी जलन होना;	تُرشي،کٹ؛	तुर्शी, खटि;	acidity, pungency, to have a pungent or burning taste in mouth;
		2. घाव आदि की जलन।	ساڙو	साड़ो	smarting, tingling, burning.
चरबी(चर्बी)	स्त्री.	प्राणियों के शरीर में रहनेवाला सफ़ेद या हल्के पीले रंग का गाढ़ा, चिकना तथा लसीला पदार्थ।	چربي	चर्बी	fat, grease, tallow, suet.
चरम	वि.	1. अंतिम;	آخرين،پويون؛	आखिरीन, पोयों:	final, last, ultimate;
		2. सबसे बढ़ा हुआ।	باهريون،بلڪل مٿيون	बाहियों, बिल्कुल् मथ्यां	outermost, extreme.
चरमपंथ	पुं.	वह विचार-धारा जो यह प्रतिपादित करती है कि समाज को अस्वस्थ करनेवाले तत्वों को सारी शक्ति से और शीघ्रतापूर्वक दूर या नष्ट कर देना चाहिए	انتهاپٿ،انتها مت	इन्तिहा पथु, इन्तिहा मत्	extremism.
चरमपंथी	वि.	वह जो इस बात का पक्षपाती हो कि सामाजिक दोषों को बलपूर्वक और शीघ्रता से दूर या नष्ट कर देना चाहिए।	انتهاپسند	इन्तिहा पसंद	extremist.
चरमराना	अ. क्रि.	चरमर शब्द होना।	چيچٽ ياچيچاٽ	चीचटु या चीचाट	to creak.
चरवाई (चरवाही, चराई)	स्त्री.	पशु चरवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	پنچري،چاراڻي، چراڻي	पनचरी, चाराणी, चराई	price paid for grazing or pasturage.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चरवाहा	पुं.	वह व्यक्ति जो दूसरों के पशुओं को चराकर अपनी जीविका चलाता है।	ڌناري	धनारु	shepherd.
चरस	स्त्री.	1. गांजे के पेड़ से निकला हुआ गोंद जो गांजे की ही तरह पिया जाता है;	چرس ۽	चर्सु;	intoxicating drug prepared from the flowers of hemp;
		2. भैंस या बैल आदि के चमड़े का बना हुआ वह थैला जिसकी सहायता से खेत सींचने के लिए कुंए से पानी निकालते हैं।	کوهمان پاڻي ڪڍڻ لاءِ چم جي پکال	खूह मां पाणी कढण लाइ चम जी पखाल	large leather bucket for drawing water from wells.
चराई	स्त्री.	1. चरने की क्रिया या भाव;	چرائي ۽	चराई;	grazing, pasturage;
		2. चराने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	چاراڻي	चाराणी	the work of or wages paid for grazing cattle.
चरागाह	पुं.	पशुओं के चरने का स्थान जहां प्रायः घास आदि उगी रहती है।	چراگاهه	चरागाहु	grazing-ground, pasture, meadow.
चराचर	वि.	जड़ और चेतन।	چراچر، جڙ ۽ چيتن	चराचरु, जड़ .ऐं चेतनु	movable and immovable, animate and inanimate.
चराना	स. क्रि.	1. पशुओं को चारा खिलाने के लिए खेतों या मैदानों में ले जाना,	چارڻ ۽	चारणु;	to graze, to tend grazing cattle, to pasture;
		2. मूर्ख बनाना।	بيوقوف بڻائڻ	बेवकूफु बणाइणु	to make a fool of
चरितार्थ	वि.	जो ठीक-ठीक घट चुका हो।	سڦل، ڪامياب	सफलु, कामियाबु	appropriate, fit.
चरित्र	पुं.	1. आचरण;	هلت-چلت، اخلاق	हलति-चलति, इख़्लाक़	behaviour,
			چرتر ۽	चरित्र;	character, habit, conduct, practice performance;
		2. जीवन में किए गए कार्यों का विवरण, जीवन-चरित्;	جيوڻي، جيون چرتر	जीविनी, जीवन चरित्रु	exploits, adventures, story, history or account

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
					of any one's deeds or exploits;
		3. कहानी नाटक आदि का कोई पात्र;	اداڪار،	अदाकारु;	characters in a story, play etc;
		4. स्वभाव।	سڀاءُ	सुभाउ	nature, temper, disposition.
चरित्र-दोष	पुं.	चाल-चलन की खराबी।	بداخلاقي	बदि इख़्लाकी	turpitude.
चरित्रनायक	पुं.	वह व्यक्ति जिसके जीवन की घटनाओं के आधार पर कोई पुस्तक या जीवनी लिखी गई हो।	ڪهاڻيءَ يا ناٽڪ جو نائڪ، مکيہ اداڪار، هيرو	कहाणीअ या नाटक जो नाइकु, मुख्यु अदाकारु, हीरो	eminent person whose life is depicted in a literary work, the hero of a play or drama.
चरित्र-निर्माण	पुं.	उदात्त गुणों का अर्जन करना, चरित्र को ऊंचा उठाना।	چرتر نرماڻ، اخلاق سڌارڻ	चरित्र निर्माण, इख़्लाक़ सुधारु	character building.
चरित्रवान	वि.	जिसका चरित्र शुद्ध हो, सदाचारी।	چرتروان، سداچاري	चरित्रवानु, सदाचारी	of good character and conduct.
चरित्रहीन	वि.	जिसका आचरण या चालचलन बहुत ही खराब या निंदनीय हो, बदचलन।	چرترهين، بد اخلاق، بدچلن	चरित्रहीणु, बदि इख़्लाक़ु, बदि चलनु	characterless, degenerate, dissolute.
चरी	स्त्री.	1. वह स्थान जो पशुओं के चरने के लिए खुला छोड़ा जाता है, चरागाह;	چراگاهہ	चरा गाहु;	grazing ground;
		2. हरी ज्वार जो गाय-बैलों को खिलाने के लिए बोई गई हो।	سائي جُوءَر جا مال کي چارڻ لاءِ پوکي ويئي هجي	साई जुअरि जा माल खे चारण लाइ पोखी वेई हुजे	green plants used as fodder for cattle.
चर्चा	स्त्री.	1. बातचीत, वार्तालप, जिक्र;	ذکر،	ज़िक्र,	mention, discussion;
		2. अफवाह।	افواهہ	अफ़वाहु	rumour.
चर्चित	वि.	जिसकी चर्चा की गई हो या हुई हो।	ذکر ڪيل، مشهور	ज़िक्रु कयलु, मशहूरु	talked. of, discussed, under discussion.
चर्म	पुं.	चमड़ा।	چم، چمڙو، ڪل	चमु, चमिड़ो, खल	skin, hide, leather.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चर्मकार	पुं.	चमड़े की चीज़े बनानेवाला व्यक्ति।	موچي، سوچي	मोची, सोची	shoe-maker, cobbler, tanner.
चर्मरोग	पुं.	त्वचा के रोग।	چمڑيءَ جي بيماري	चमिड़ीअ जी बीमारी	skin disease, cutaneous disease.
चर्या	स्त्री.	1. वह जो किया जाए, आचरण;	هلت، ورتڻ آچرڻ؛	हलति, वर्तणि, आचरणु;	conduct, performance;
		2. काम-धन्धा;	ڪم-دندو؛	कमु-धंधो;	occupation, service;
		3. धर्मशास्त्र के अनुसार निषेध का पालन करना।	ڌرمي رهت	धर्मी रहति	practising religious austerities.
चर्राना	अ. क्रि.	1. लकड़ी आदि का टूटने के समय चर-चर शब्द होना;	ڦاٽڻ يا ٽوٽڻ جو آواز ٿيڻ، ٽڙڪو؛	फाटण या टुटण जो आवाज़ु थियणु, टिड़िको;	to make cracking noise in breaking or tearing (as cloth, wood etc);
		2. घाव के सूखने के समय तनाव के कारण हल्की पीड़ा होना।	پوسرڻ، چُپ چُپ ڪرڻ، ڪڙهڻ	पोसिरणु, चुभि-चुभि करणु, कुढ़णु	to smart, to ache.
चर्वण	पुं.	चबाना।	چبارڻ، چبڪو، چپ	चबाड़णु, चबिको, चबु	chewing, masticating, tasting.
चर्वित	वि.	चबाया हुआ।	چبارڻيل، چبيل	चबाड़यलु, चब्यलु	chewed, masticated.
चल	वि.	1. गतिमान, चलता या हिलता -डुलता रहनेवाला ;	متحرڪ، هلندڙ، چرندڙ-پرندڙ؛	मुतहरुकु, हलंदड़ु, चुरंदड़ु-पुरंदड़ु;	moving, trembling, unsteady;
		2. जो एक स्थान से उठाकर या हटाकर दूसरे स्थान पर रखा या लाया जा सके।	چرڻو پرڻو، اثر، ڪچڻ جهڙو، جنگم	चुर्णो-पुर्णो, अथिरु, खजुण जहिड़ो, जंगमु	mobile, movable.
चलचित्र	पुं.	सिनेमा।	سنيما، فلم	सिनेमा, फ़िल्म	cinema, film.
चलता	वि.	1. जो काम या उपयोग के योग्य हो;	ڪم چلائو، ڪم لائق؛	कम चलाऊ, कम लाइकु;	workable, serviceable;
		2. जो जानेवाला या मरनेवाला हो, मरणासन्न;	وڃڻوارو، هلڻ هارو، مرڻينگ؛	वञण वारो, हलण हारो, मर्णीगु;	about to go or depart, moribund;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. जो पूर्णतः संतोषजनक अथवा कारामद न हो;	ناقص، اڻپورو؛	नाकिस, अणपूरो;	not upto the mark, imperfect, haphazard;
		4. कमजोर, न टिकनेवाला।	ڪمزور، بي جٽادار	कमज़ोरु, बेजटादारु	not durable, temporary, casual.
चलता पुरजा	वि.	चालाक या चुस्त	چالاڪ، تري ناڪ، چلتو پرزو	चालाकु, तरीनाकु, चलतो पुर्ज़ो	cunning, clever.
चलता-फिरता	वि.	जिसका कोई एक नियत स्थान न हो, जो हर समय गतिशील हो।	هلندڙ چلندڙ، چرڻو-ڦرڻو	हलंदड़-चलंदड़, चर्णो-फिर्णो	mobile.
चलती	स्त्री.	कोई कार्य करने या करा सकने का अधिकार।	هلندي، اثر	हलंदी, असरु	sphere of action, power, authority, influence.
चलन	पुं.	1. रिवाज;	رواج، رسم؛	रवाज़, रस्मु;	custom, ceremony, way, fashion, currency;
		2. आचरण।	آچرڻ، هلت چلت	आचरणु, हलति-चलति	manner of life, conduct, behaviour.
चलना	अ. क्रि.	1. पैरों की सहायता से जीव-जंतुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने के लिए आगे बढ़ना;	هلڻ؛	हलणु;	to move, stir, to go, proceed, to depart, to walk, travel;
		2. किसी प्रकार की गति से युक्त होकर आगे बढ़ना;	هلڻ، رفتار سان اڳتي وڌڻ؛	हलणु, रफ़्तार सां अगिते वधणु;	to be operated (as machine, etc);
		3. किसी कार्य या बात या स्थिति का उचित रूप से निर्वाह या वहन होना;	ڪاراٿو ٿيڻ، اگهامڻ، گذرڻ	काराइतो थियणु, अघामणु, गुज़रणु;	to be effective, to pass;
		4. किसी चीज़ का ठीक तरह से उपयोग या व्यवहार में आते रहना, बराबर काम देते रहना;	هلڻ، وهنوار ۾ اچڻ، برابر هلڻ، ڪم ڏيندو رهڻ؛	हलणु, वहिंवार में अचणु, बराबरि हलणु, कमु ॾींदो रहणु;	to pass (as coin), to be current, be in vogue, be in operation, be in force;
		5. शरीर के किसी अंग का अपने कार्य में प्रवृत्त या रत होना;	چرڻ-ڀرڻ، ڪم اچڻ	चुरणु-पुरणु, कमि अचणु	to move, to be in use;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		6. किसी काम या बात का आरंभ होना, छिड़ना;	هلڻ، شروع ٿيڻ، روانو ٿيڻ؛	हलणु, शुरू थियणु, रवानो थियणु;	to set out, to start, to begin, be begun, be introduced;
		7. प्रहार के उद्देश्य से अस्त्र-शस्त्र आदि का प्रयोग या व्यवहार होना;	گولي چٽڻ، تلوار هلڻ؛	गोली छुटणु, तल्वार हलणु;	to be charged, be fired, to go off (as gun), to be used, be brandished (as a sword);
		8. आपस में वैर-विरोध या वैमनस्य का व्यवहार होना;	دشمني ٿيڻ؛	दुश्मनी थियणु;	to be at daggers drawn, to be inimical or hostile;
		9. मार्ग या रास्ते के संबंध में उसपर से लोगों का आना जाना होना;	رستو يا گهٽي وهڻ	रस्तो या घिटी वहणु	to be busy (as road, street etc.);
		10. किसी क्रम या परंपरा का बराबर आगे बढ़ते रहना या जारी रहना;	هلڻ، ڪنهن رسم جو وڌندو رهڻ يا جاري رهڻ؛	हलणु, कंहिं रस्म जो वधंदो रहणु या जारी रहणु;	to be transmitted or handed down;
		11. लोगों के साथ अच्छा और मेलजोल का आचरण करना।	هلڻ، سٺو وهنوار ڪرڻ، ميل ميلاپ رکڻ	हलणु, सुठो वहिंवारु करणु, मेलु-मेलापु रखणु	to conduct or comport oneself, to behave, to go on well.
चलनी	स्त्री.	आटा चालने या छानने का बरतन।	چاڻي	छाणी	sieve, strainer, instrument for sifting flour.
चल-संपत्ति	स्त्री.	ऐसी संपत्ति जो आसानी से एक स्थान से हटाई-बढ़ाई जा सकती हो।	متحرڪ ملڪيت	मुतहरुकु मिलिक्यत	movable property.
चलाऊ	वि.	1. जैसे-तैसे काम चलानेवाला;	چلائو؛	चलाऊ;	that may be made to answer or do, that may serve as a make-shift;
		2. अधिक समय तक टिकनेवाला, टिकाऊ।	جٽادار، جهالائو	जटादारु, झालाऊ	durable, lasting.
चलाचली	स्त्री.	1. कहीं से चलने के समय की जानेवाली तैयारी;	سفرجي تياري؛	सफ़र जी तयारी;	preparation for departure or for a journey, stir, bustle;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. इस लोक से प्रस्थान या मृत्यु की तैयारी।	جيون سفر پورو ڪري، هلڻ جا تياري، چلاچلي	जीवन-सफ़रु पूरो करे हलण जा तयारी, चलाचली	departure from this life.
चलाना	स. क्रि.	1. किसी को चलने के लिए प्रेरित करना;	هلائڻ، هلارائڻ؛	हलाइणु, हलाराइणु;	to cause to walk, to move;
		2. आरंभ करना;	شروع ڪرڻ؛	शुरू करणु;	to introduce, to begin, to initiate;
		3. यंत्र आदि को गति में लाना;	هلائڻ (مشين)؛	हलाइणु (मशीनि);	to drive, to impel, to set agoing, to propel;
		4. प्रचलित करना;	هلائڻ چالو ڪرڻ؛	हलाइणु चालु करणु;	to pass (as coin), to give currency (to);
		5. इधर-उधर करते हुए हिलाना-डुलाना;	چوريڻ؛	चोरणु;	to stir;
		6. तीर, गोली आदि छोड़ना;	هلائڻ تير يا گولي چوريڻ؛	हलाइणु तीरु या गोली छोड़णु;	to operate (as gun or machine);
		7. धोखा देना, टालना।	دوکو ڏيڻ، ٽارڻ	दोखो डि॒यणु, टारणु	to guile.
चलायमान	वि.	1. चलनेवाला;	چالو، هلندڙ، چرندڙ؛	चालु, हलंदड़, चुरंदड़;	moving, going, proceeding, movable;
		2. विचलित;	چنچل، چلائمان	चंचलु, चलाइमानु	unsteady, vacillating, fickle.
चश्मदीद	वि.	जो आँखों से देखा हुआ हो।	چشم ديد، اکئين ڏٺو	चश्मदीद, अखिएं डि॒ठो	witnessed with eyes
चश्मा	पुं.	1. जल-स्रोत;	چشمو؛	चश्मो;	fountain, spring;
		2. दृष्टि-शक्ति बढ़ाने या ठंडक रखने के लिए आँखों पर पहना जानेवाला शीशे या पारदर्शी पत्थर का ढांचा।	عينڪ	ऐनक	spectacles.
चषक	पुं.	शराब पीने का प्याला।	پيالو، شراب جو پيالو	प्यालो, शराब जो प्यालो	drinking-vessel, cup, wine-glass.
चसका	पुं.	किसी वस्तु या कार्य से मिला हुआ आनन्द, जो उस चीज़ के पुनः पाने या उस काम के पुनः करने की इच्छा उत्पन्न करता है।	چسڪو (چشڪو)	चस्को (चश्को)	addiction, relish, compelling habituation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चहकना	अ. क्रि.	1. पक्षियों का आनंदित होकर मधुर शब्द करना;	تتواڻ، آلاپڻ؛	तंवारणु, आलापणु;	to chirp, to warbel;
		2. उमंग या प्रसन्नता से अधिक बोलना।	چہ چہ ڪرڻ	चह चह करणु	to be talkative (in merriment).
चहबच्चा	पुं.	1. छोटा गड्ढा या हौज जिसमें गंदा पानी आकर एकत्र होता है;	کڏو، حوض، چرو؛	खड्डो, हौज़ु, चरो;	hole into which water descends, cistern, vat;
		2. धन गाड़ने या छिपा रखने का छोटा तहखाना।	ننڍو تهڃانو	नंढो तहिख़ानो	subterranean store-pit.
चहलक़दमी	स्त्री.	सुखपूर्वक तथा धीरे-धीरे चलने की क्रिया या भाव।	پسار، شيل، هواخوري	पसारु, शैलु, हवाख़ोरी	stroll, walk, promenade.
चहल-पहल	स्त्री.	किसी स्थान पर बहुत से लोगों के आने-जाने की धूम।	ڪلهيگس، ڌوڪ ڌوڪان، روشو، رونق	कुल्हेगस, धूक-धूकां, रौंशो, रौनक	gaiety, merriment, hustle-bustle, commotion.
चहारदीवारी	स्त्री.	किसी स्थान को चारों ओर से घेरने के लिए बनाई जानेवाली दीवार या दीवारें।	عالم-پناه چوديواري، هاتو	आलम-पनाह चौदेवारी, हातो	four walls, boundary.
चहेती	स्त्री.	जिसे कोई बहुत अधिक चाहता हो।	معشوقا، پياري، معشوقا	माशूका, प्यारी, माशूका	beloved, favourite.
चांटा	पुं.	हथेली तथा हाथ की उंगलियों से किसी के गाल पर किया जानेवाला प्रहार।	چماٽ، ٽڦڙ، ٽڦ	चमाट, थफड़, थफ	slap.
चांडाल (चंडाल)	पुं.	एक प्राचीन अन्त्यज, नीच और बर्बर जाति।	چنڊال	चंडालु	the untouchable,
	वि.	बहुत ही दुष्ट, नीच और पतित (व्यक्ति)।	پاپي، نيچ آدمي	पापी, नीचु आदमी	sinful person (used as a rebuke).
चांडाली	स्त्री.	1. चांडाल जाति की स्त्री;	چنڊالڻ؛	चंडालिणि;	woman of the **candal** caste;
		2. चांडाल का कार्य।	چنڊال جو ڪم	चंडाल जो कमु	the act of a **candal.**
चांद	पुं.	1. चन्द्रमा;	چنڊ؛	चंडु;	moon;
		2. खोपड़ी;	ڪوپري؛	खोपिरी;	the crown of the head;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. पशुओं के मस्तक पर का गोलाकार सफेद या किसी भिन्न रंग का दाग या फूल।	جانورجي متي تي اچوياڪنهن بئي رنگ جو نشان	जानिवर जे मथे ते अछो या कंहिं बिए रंग जो निशानु	white spot in the forehead of cattle, etc.
चांदनी	स्त्री.	1. चांद का प्रकाश; 2. बिछाने की बड़ी सफेद चादर;	چانڊوڪي، چانڊاڻ؛ چانديءَ	चांडोकी, चांडाणि; चांदनी;	moonlight; bedsheet, white cloth spread over a carpet;
		3. छत पर या ऊपर की ओर तानने का कपड़ा।	چندوءِ، چٽي	चंदो, छटी	canopy.
चांदमारी	स्त्री.	दीवार या कपड़े पर बने हुए चिह्नों को लक्ष्य करके गोली चलाने का अभ्यास।	گولي مار، گولي مار جو اڀياس	गोली मार, गोली मार जो अभ्यासु	shooting practice, range.
चांदा	पुं.	1. दूरबीन का लक्ष्य-स्थान;	دوربين جو نشانو؛	दूर्बीन जो निशानो;	place of shooting, range where telescope is fixed;
		2. भूमि का एक माप;	زمين جي هڪ ماپ؛	ज़मीन जी हिक माप;	a measure of land;
		3. ज्यामिति में काम आनेवाला एक अर्धवृत्ताकार उपकरण।	ڪنڊ ماپ	कुंड माप	protractor.
चांदी	स्त्री.	1. सफेद रंग की एक नरम चमकीली धातु जो गहने, सिक्के आदि बनाने के काम आती है;	چانديءَ؛	चांदी;	silver, argent;
		2. (ला.) आर्थिक लाभ।	(تم) چانديءَ، دن جو لاڀ	(तम) चांदी, धन जो लाभु	(fig.) monetary gains.
चांद्रमास	पुं.	महीने भर का एक व्रत जिसमें चंद्रमा के घटने-बढ़ने के अनुसार आहार के कौर या ग्रास घटाने-बढ़ाने पड़ते हैं।	مهيني جو ورت (جنهن ۾ ڪاڏي جي ماترا چنڊ جي گهٽاوڌي موجب رهندي آهي)	महीने जो विर्तु (जंहिं में खाधेजी मात्रा चंड जी घटावधीअ मूजिब रहंदी आहे)	lunar month, lunation, religious observance or expiatory penance regulated by the moon's age.
चाक	पुं.	1. खरिया;	چاڪ؛	चाकु;	chalk;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. चक्राकार पत्थर जिसे फिराकर कुम्हार बरतन बनाता है;	چڪ ۽	चकु;	potter's wheel;
		3. पहिया;	ڦيٿو ۽	फीथो;	wheel;
		4. कुएं से पानी खींचने की चरखी।	گرڻي	गिर्णी	pulley (over which a well-rope passes).
चाकर	पुं.	नौकर।	چاڪر، نوڪر	चाकरु, नौकरु	servant, orderly.
चाकरी	स्त्री.	नौकरी।	چاڪري، نوڪري	चाकिरी, नौकरी	service, attendance.
चाकू	पुं.	कलम बनाने, फल-तरकारी काटने का छोटा औजार।	ڪپ، ڇُري، چاقو	कपु, छुरी, चाकू	knife.
चाक्षुष	वि.	1. चक्षु संबंधी;	نظري، ڏسڻجو ۽	नज़िरी, ड्डिसण जो;	relating to the eye, visual, optical;
		2. जिसका ज्ञान नेत्रों से हो।	جيڪو اکين سان ڏسي سگهجي	जेको अख्युनि सां ड्डिसी सघिजे	knowledge dependant on vision.
चाचा (स्त्री. चाची स्त्री.)	पुं.	पिता का छोटा भाई।	ڪاڪو، چاچو	काको, चाचो	paternal uncle.
चाट	स्त्री.	1. चस्का;	چشڪو (چسڪو) ۽	चश्को (चस्को);	habit or taste, irresistible proclivity;
		2. मसाला डालकर तैयार किया हुआ फलों-तरकारियों आदि का तीखे स्वादवाला खाद्य।	چاٽ (چٽهي سوادي شئه)، چٽني	चाट (चहिरी सवादी शइ), चटिणी	spicy preparation of vegetable, fruit etc.
चाटना	स. क्रि.	1. जीभ लगाकर या जीभ से पोंछ कर खाना या प्यार से जबान फेरना;	چٽڻ، چکڻ ۽	चटणु, चखणु;	to lick, to lap, to taste;
		2. धन-संपत्ति आदि उड़ाकर नष्ट करना।	چٽ ڪرڻ	चटु करणु	to consume, devour.
चाटुकार	पुं.	खुशामद करनेवाला व्यक्ति, चापलूस।	چاپلوس، خوشامندي	चापिलूस, खुशामंदी	flatterer, sycophant.
चाटुकारिता	स्त्री.	खुशामद करने का काम, चापलूसी।	چاپلوسي، خوشامند	चापिलूसी, खुशामंद	flattery, sycophancy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चातक	पुं.	पपीहा पक्षी जो वर्षा काल में बहुत बोलता है।	پپيهو (پکي)	पपीहो (पखी)	the bird Cucculus malanoleucus (said to subsist on rain drops).
चातुरी	स्त्री.	1. व्यवहार-दक्षता, होशियारी;	چترائي، هوشياري؛	चतुराई, होशियारी;	skill, dexterity, ability;
		2. चालाकी।	چالاکي، حرفت	चालाकी, हिर्फ़त	cleverness, shrewdness.
चातुर्मास्य	पुं.	चार महीनों में होनेवाला एक वैदिक यज्ञ।	چئن مهينن ۾ ٿيڻ وارو هڪ يگيه	चइनि महीननि में थियण वारो हिकु यज्ञ	a sacrifice performed every four months i.e. at the beginning of कार्तिक, फागुन and आषाढ़।
चातुर्य	पुं.	दे. 'चातुरी'।	'چاتري' ڏسو	डिसो–'चातुरी'	see 'चातुरी'
चातुर्वर्ण्य	पुं.	हिन्दुओं के ये चारों वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र।	چار وڻ	चारि वर्ण	the aggregate of the four original castes, viz. the **Brahman, Kshatriya, Vaisya** and **Sudra.**
चादर (चद्दर)	स्त्री.	1. कपड़े का वह आयताकार टुकड़ा जिसे सोते समय लोग नीचे बिछाते अथवा ऊपर ओढ़ते हैं;	چادر؛	चादर;	sheet, covering, coverlet;
		2. किसी धातु का बहुत बड़ा आयताकार और पतला पत्तर;	چادر، پڙچ/پرچ؛	चादर, पड़छ/पर्छ;	sheet (of iron, etc);
		3. ऊपर से गिरते या बहते हुए पानी की वह धारा जिसकी चौड़ाई अधिक और मोटाई कम हो।	آبشار، پاڻيءجي چادر	आबिशारु, पाणीअजी चादर	cascade.
चाप	पुं.	धनुष।	ڪمان، ڏنش	कमान, धनुष	bow, arc.
	स्त्री.	पैरों की आहट।	پيرن جي ٽڪ ٽڪ	पेरनि जी ठकि ठकि	sound.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चापलूस	वि.	खुशामदी।	چاپلوس،خوشامندي	चापिलूसु, खुशामंदी	flatterer, sycophant., wheedler.
चाबना	स. क्रि.	दे. 'चबाना'।	'चबाना' ڏسو	डिसो–'चबाना'	see 'चबाना'
चाबी(चाभी)	स्त्री.	1. ताली; 2. कोई ऐसा पच्चड़ जिसे दो जुड़ी हुई वस्तुओं की संधि में ठोक देने से जोड़ दृढ़ होता हो।	کنجي،چابي؛ چپر	कुंजी, चाबी; चपर	key; splint.
चाबुक	पुं.	कोड़ा।	چهبڪ	चहिबुकु	whip.
चाम	पुं.	चमड़ा।	چمڙو،چم	चमिड़ो, चमु	skin, hide, leather.
चामर	पुं.	1. चंवर; 2. एक प्रकार का वर्णवृत जिसके प्रत्येक चरण में रगण जगण रगण जगण और रगण होते हैं।	چنور؛ ڪوتاهڪچند جونالو	चंवरु; कविता में हिक छंद जो नालो	the tail of the Bos grunniens; a kind of metre (in poetry).
चाय	स्त्री.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी सुखाई हुई पत्तियों का काढ़ा चीनी और दूध मिला कर पिया जाता है।	چانهن	चांहिं	tea.
चायदानी	स्त्री.	वह बरतन जिसमें चाय बनाई या बनाकर रखी जाती है।	چانهنداني	चांहिंदानी	tea-pot.
चायपानी	पुं.	अल्पाहार।	چانهن-پاڻي،نيرڻ	चांहिं-पाणी, नेरनि	light refreshment.
चार	वि.	जो गिनती में तीन से एक अधिक हो।	چار	चारि	four; the number 4.
चारखाना	पुं.	आड़ी और खड़ी धारियों या रेखाओं की ऐसी रचना जिसमें बीच-बीच में चौकोर खाने पड़ते हों।	چونڪڙي	चौंकिड़ी	cloth ornamented with squares, chequered cloth.
चारण	पुं.	राजाओं के दरबार में उनकी तथा उनके पूर्वजों की प्रशंसा गानेवाला व्यक्ति, बंदीजन, भाट।	چارڻ،منگتو،ڀٽ	चारणु, मंगतो, भटु	bard, penegyrist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
चारपाई	स्त्री.	पलंग, खाट।	کٽ، کٽولو، منجي	खट, खटोलो, मंजी	bedstead, cot.
चार सौ बीस	वि.	धोखेबाज़।	دوکيباز، مکار، ٺڳ	दोखेबाज़ु, मकारु, ठगु	fraudulent, deceitful.
चार सौ बीसी	स्त्री.	धोखेबाज़ी।	ٺڳي، مکاري، دوکيبازي	ठगी, मकारी, दोखेबाज़ी	fraud, deceit, forgery.
चारा	पुं.	1. पशुओं के खाने की घास, पत्ती, डंठल आदि;	چارو؛	चारो;	food (for cattle), fodder;
		2. चिड़ियों, मछलियों आदि को फंसाने के लिए खिलाई जानेवाली वस्तु;	چوڻو، پيتي (پکين لاءِ)؛	चूणो, भेती (पख्युनि लाइ);	bait (for fish etc.);
		3. उपाय, इलाज, युक्ति।	اپاءُ، علاج	उपाउ, इलाजु	remedy, means.
चारित्र्य	पुं.	चरित्र, आचरण।	اخلاق، هلت	इख़्लाकु, हलति	conduct, character.
चारु	वि.	सुंदर, आकर्षक।	سهڻو، موهڻو	सुहिणो, मोहिणो	beautiful, lovely, elegant.
चारुता	स्त्री.	सुंदरता।	سندرتا، سوڻهن	सुंदरता, सूंहं	beauty, elegance.
चाल	स्त्री.	1. चलने की क्रिया या भाव;	چال؛	चालि;	motion, movement, gait, walk;
		2. गति, रफ़्तार;	رفتار، قدم؛	रफ़्तार, कदमु;	speed, pace;
		3. आचरण;	وهنوار، هلت چلت؛	वहिंवारु, हलति चलति·	conduct, behaviour;
		4. धूर्तता;	چالاڪي؛	चालाकी;	expedient, artifice, manoeuvre, trick, stratagem;
		5. शतरंज, ताश आदि के खेल में गोटी को एक घर से दूसरे घर में ले जाने अथवा पत्ते पास को दांव पर डालने की क्रिया।	گوٽ کي اڳتي هلائڻ جو عمل	गोट खे अगिते हलाइण जो कमु	move (in chess, etc.).
चालक	वि.	चलानेवाला।	هلائيندڙ	हलाईदड़ु	driver, pilot.
झाड़ी	स्त्री.	कंटीले पौधों या झाड़ों का समूह।	ڪنڊن وارن ٻوٽن جو جهنڊ، ٻوٽرو	कंडनि वारनि बूटनि जो झुंडु, बूड़ो	bush, thicket.
झाड़ू	स्त्री.	लम्बी सीकों, तीलियों आदि का फूला जिससे फर्श पर पड़ा हुआ कूड़ा-करकट, धूल आदि साफ करते हैं।	ٻهارو، ٻهار	बुहारो, बुहारि	broom, besom, whisk.
झापड़	पुं.	थप्पड़, जोर का तमाचा।	ٿپڙ، ٿپ، چماٽ	थफड़, थफ, चमाट	slap.
झाबा	पुं.	बड़ा टोकरा।	وڏو ٽوڪرو، ڪارو	वड्डो टोकिरो, खारो	big basket.
झाबर	पुं.	पैरों में पहनने का एक गहना।	نورو، پانزيب	नूरो, पांज़ेबु	anklet.
झारी	स्त्री.	लंबी गरदनवाला एक प्रकार का टोंटीदार पात्र।	بدلو، نلوارو وڏو لوٽو	बदिलो, नलवारो वड्डो लोटो	a pitcher with a long neck and a spout to it, an ewer.
झाल	स्त्री.	1. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता; 2. झालने की क्रिया या भाव।	تيز (خوشبو) تکو (رسواد) وغيره	तेज़ (ख़ुशबू), तिखो (सवाद); वग़ैरह	sharp, hot, pungent flavour; soldering.
झालना	स. क्रि	1. धातु की बनी चीजों को टांके से जोड़ना; 2. किसी पात्र को धातु का टांका लगाकर चारों ओर से अच्छी तरह बंद करना।	تانکو ڏيڻ، ريهڻ؛ تانکو لڳائڻ	टांको डियणु, रेहणु; टांको लगाइणु	to solder, to weld; to seal the mouth of any container perfectly by soldering
झालर	स्त्री.	किसी चीज अथवा वस्त्र के सिरे पर शोभा या सजावट के लिए लगाया जानेवाला लहरियेदार किनारा या हाशिया।	جهالر	झालरि	flounce, frill, festoon.
झाला	पुं.	सितार आदि बजाते समय उत्पन्न की जाने-वाली एक प्रकार की कलात्मक झंकार।	جهنڪار	झंकार	a rhythmic pattern of instrumental music.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झिझरी	स्त्री.	जालीदार खिड़की।	جهروکو	झरोको	lattice.
झिकझिक	स्त्री.	व्यर्थ की तकरार करना, बहस करना।	جهڪ جهڪ، ڪٽ پٽ، اجايو بحث	झकझक, खिटपिट, अजायो बहसु	useless wrangling, discussion.
झिझक	स्त्री.	झिझकने की क्रिया या भाव, हिचक,संकोच।	هچڪ، هٽڪ، هبڪ، شرم، لج، سنڪوچ	हिचक, हटक, हबुक, शर्मु, लजु, संकोचु	hitch, hesitation, shyness.
झिझकना	अ. क्रि.	भय, लज्जा, संकोच आदि के कारण कुछ करने या कहने से रुकना या पीछे हटना।	هچڪڻ، هبڪڻ، شرمائڻ، لج ڪرڻ	हिचिकणु, हबिकणु, शर्माइणु, लजु करणु	to hesitate, to feel shy, to balk.
झिड़कना	स. क्रि.	डांटना, फटकारना, क्रुद्ध होकर तिरस्कारपूर्वक कठोर बात कहना।	ڦٽڪارڻ، دب ڏيڻ، درڀاتڻ	फिट्टकारणु, दबु कढणु, दड़िबाटणु	to rebuke, to reprimand, to scold, to snub.
झिड़की	स्त्री.	डांट, फटकार।	دب، ڦٽڪار، تڙي	दबु, फिट्टकार, तड़ी	rebuke, reproof, snub.
झिरझिरा	वि.	झीना।	سنهو	सन्हो	thin, badly woven
झिरी	स्त्री.	दो पदार्थों की संधि में वह रिक्त स्थान जिसमें से कोई चीज धीरे-धीरे निकल या बह जाए।	چير، سنهو سوراخ	चीर, सन्हो सोराखु	small hole, rent, cleft, fissure.
झिलमिल (झलमल)	स्त्री.	रह-रहकर चमकती हुई रोशनी जिसमें कभी कुछ उजाला और कभी कुछ अंधेरा हो जाता है।	ٽمڪو، ٽمٽمندڙ روشني	टिम्को, टिमटिम कंदड़ रोशिनी	flicker, shimmer, twinkle.
झिलझिला	वि.	1. झीना;	سنهو، مهين؛	सन्हो, महीनु;	gauze-like, thin, fine;
		2. रह-रहकर चमकनेवाला।	ٽمڪندڙ	टिम्कंदड़ु	sparkling, flashing, shimmery.
झिलमिलाना	अ. क्रि.	रह-रहकर चमकना, टिमटिमाना।	ٽمڪڻ، ٽمٽمڪڻ	टिम्कणु, टिमटिम करणु	to flicker, to shimmer, to twinkle.
झिलमिलाहट	स्त्री.	झिलमिलाने की क्रिया या भाव।	چمڪاٽ، ٽمٽماٽ	चिम्काटु, टिम्टिमाहट	twinkle, shimmer, flicker.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झिलमिली	स्त्री.	खिड़कियों आदि में जड़ा जानेवाला आड़ी पटरियों का ढांचा जो पीछे लगी हुई लकड़ी को खींचने से बंद होता है या खुलता है।	جھرمري، شبڪو	झिर्मिरी, शब्को	venetian blind, shutter.
झिल्ली	स्त्री.	1. झींगुर; 2. किसी वस्तु के ऊपर का बहुत ही पतला और पारदर्शक आवरण।	تڏو، سنهوتهم، سنهي ڪل، پردو، جهلي	तिड्डो; सन्हो तहु, सन्ही खल, पर्दो, झिल्ली	cricket; thin skin, pellicle, membrane, film.
झिल्लीदार	वि.	झिल्ली से युक्त।	جهلي دار	झिल्लीदारु	membranous, covered with a film pellicle.
झींकना (झींखना)	अ. क्रि.	दु:खी भाव से रह-रहकर और समय-कुसमय अपना दु:ख व्यक्त करते रहना, दुखड़ा रोना।	ڏجهڻ، وراپ ڪرڻ، روئڻ، هميشه ڏکه ڪڍڻ	डुझणु, विलाप करणु रुअणु, हमेशा डुखु कढणु	to snivel, to lament, to grumble, to repine.
झींगुर	पुं.	एक छोटा कीड़ा जिसकी आवाज बहुत तेज होती है और बरसात की रात में प्राय: सुनाई देती है।	تڏو	तिड्डो	cricket (insect).
झीना	वि.	(कपड़ा) जिसके ताने और बाने के सूतों की बुनावट कसी हुई न होकर विरल हो।	سنهو، مهين، جهاري دار	सन्हो, महीनु, झारीदारु	thin, threadbare.
झील	स्त्री.	प्रकृति निर्मित जलाशय, बहुत बड़ा ताल।	ڍنڍ	ढंढ	lake.
झुंझलाना	अ. क्रि.	इस प्रकार कुछ क्रुद्ध होकर कोई बात कहना जिससे अप्रसन्नता, असंतोष या असहमति सूचित होती हो, खीझना।	خفي ٿيڻ، چڙڻ، ڪجڻ	ख़फ़े थियणु, चिड़णु, खिजणु	to be irritated or annoyed, to be peevish or fretful.
झुंझलाहट	स्त्री.	झुंझलाने की अवस्था, क्रिया या भाव।	خفگي، چڙ، غصو	ख़फ़िगी, चिड़, ग़ुस्सो	irritation, annoyance, peevishness.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झुंड	पुं.	1. पशु-पक्षियों आदि के समूह;	ڏڙ، جهنڊ؛	धण, झंडु;	flock, herd, group;
		2. व्यक्तियों का समूह।	ميڙ، جهنڊ	मेड़ु, झंडु	crowd.
झुकना	अ. क्रि.	1. टेढ़ा होना, मुड़ना;	جهڪڻ، مڙڻ؛	झुकण, मुड़ण;	to bend, to droop;
		2. नीचा होना (आंखों का);	(اکيون) هيٺ ٿيڻ؛	(अख्यूं) हेठि थियण;	to hang down, to droop (as the eyes);
		3. दबना, भार आदि के कारण नमित होना (पेड़ आदि का);	جهڪڻ، مڙڻ؛	झुकण, मुड़ण;	to be bent down, to stoop (as the bough of a tree);
		4. किसी के प्रति पक्षपात करना;	پاسو ڪڻڻ، پاس خاطري ڪرڻ؛	पासो खणण, पासखातिरी करण;	to lean, to incline;
		5. प्रतिपक्षी की महत्ता या प्रबलता स्वीकार करना।	جهڪڻ، سلامي ڀرڻ	झुकण, सलामी भरण	to bow, to submit, to yield.
झुकाना	स. क्रि.	1. टेढ़ा करना, मोड़ना;	جهڪائڻ؛	झुकाइण;	to bend, to cause to droop;
		2. ऊंचाई पर स्थित किसी वस्तु के किसी अंश को नीचे की ओर लाना;	(تاري) موڙڻ جهڪائڻ؛	(टारी) मोड़ण, झुकाइण;	to tilt, to cause to stoop;
		3. किसी का अभिमान, हठ आदि दूर करते हुए उसे नम्र बनाना।	جهڪائڻ	झुकाइण	to force to accept defeat, to force to yield, to cause to lean.
झुकाव	पुं.	झुकने की क्रिया या भाव।	جهڪاءُ، موڙ	झुकाउ, मोड़ु	the act or state of stooping, bowing down, bent, twist, tilt.
झुग्गी	स्त्री.	फकीरों, साधुओं आदि के रहने की झोंपड़ी।	جهوپڙي، جهڳي	झूंपड़ी, झुग्गी	hut.
झुटपुटा	पुं.	सूर्योदय होने से कुछ पूर्व और सूर्यास्त होने के कुछ बाद का समय जब कुछ-कुछ अंधेरा और कुछ-कुछ उजाला होता है।	پنيرو، هلڪي روشني	भिंभिर्को, हलकी रोशिनी	twilight, faint light.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झुठलाना	स. क्रि.	झूठा साबित करना।	ڪوڙو ثابت ڪرڻ	कूड़ो साबितु करणु	to belie, to falsify.
झुनझुना	पुं.	बच्चों के खेलने का एक प्रकार का खिलौना जो हिलाने में 'झुनझुन' बजता है।	جهنجهڻ، جهنجهڙو	झिंझिणु, झिंझिणो	child's rattle, toy.
झुनझुनी	स्त्री.	शरीर के किसी अंग विशेषतः हाथ और पैरों में रक्त संचार अनियमित होने के कारण कुछ देर तक होनेवाली सनसनाहट।	سنساهٽ (هٿن پيرن ۾ رت جو دوران نيڪ نه هلڻ سبب ٿيندڙ سرسر)	सुन्सनाहट (हथनि पेरनि में रतजो दौरो ठीक न हलण सबबि थींदड़ सुरसुर)	benumbing sensation.
झुमका	पुं.	कानों में पहनने का एक आभूषण।	جهومڪ	झूमकु	pendant of an ear ring.
झुरझुरी	स्त्री.	जूड़ी, बुखार की कंपकंपी।	ڏڪڻي (بخار ۾)	डुकिणी (बुखार में)	shivering or ague that precedes fever.
झुरमुट	पुं.	पास-पास उगे पेड़ो अथवा झाड़ियों का समूह।	جهڳٽو، جهمٽ	झुगिटो, झमटु	cluster of shrubs, grove.
झुर्री	स्त्री.	1. दुर्बलता के कारण त्वचा पर पड़नेवाली रेखाएं;	ڳهنج (چمڙيءَ تي)	घुंजु (चमिड़ीअ तें);	wrinkle;.
		2 किसी वस्तु के सूखने पर उसके ऊपरी आवरण में पड़नेवाली रेखाएं।	ڳهنج	घुंजु	fold, pucker.
झुलनी	स्त्री.	नथ में लटकता रहनेवाला मोतियों का छोटा गुच्छा।	نٿ جنهن ۾ موتي پوتل هجن	नथ जंहि में मोती पूतल हुजनि	ornament worn in nose
झुलसना	अ. क्रि.	1. कुछ-कुछ जल जाने के कारण काला पड़ जाना, वस्तु के केवल ऊपरी भाग का जलना	لهسڻ، لهسجڻ، لهس اچڻ، چرا اچڻ	लहिसणु, लहिसिजणु, लहिस अचणु, ज़राटिजणु;	to be scorched or half burnt, to be charred;
		2. धूप, लू आदि से पौधे आदि का सूखना, मुरझाना।	مرجهائڻ، ڪومائجڻ	मुझाइणु, कूमाइजणु	to wither.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झुलसाना	स. क्रि.	1. वस्तु का ऊपरी भाग जला देना;	لهساڻڻ، جراٽڻ؛	लहिसाइणु, ज़राटणु;	to scorch;
		2. झुलसने का कारण होना।	ڏنبڻ، داغڻ	ड॒ंभणु, दागि॒णु	to singe, to sear.
झुलाना	स. क्रि.	1. लटकी हुई चीज को बारबार इधर उधर हिलाना;	لوڏڻ، لوڏائڻ؛	लोड॒णु, लोड॒ाइणु;	to swing, to rock;
		2. किसी कार्य या बात के लिए किसी को बार बार आश्वासन देना किन्तु पूरा न करना।	اٽڪائڻ، دلاسيءَ ۾ رکندو اچڻ	अटिकाइणु, दिलासे में रखंदो अचणु	to keep in suspense uncertainty.
झूठ	पुं.	असत्य, मिथ्या	ڪوڙ	कूड़ु	lie, falsehood.
झूठ-मूठ	क्रि. वि.	यों ही, अकारण, बिना सत्य आधार के।	ڪوڙم، بناڪارڻ، بيسبب	कूड़ में, बिना कारण, बेसबबि	falsely, without ground or cause, without rhyme or reason.
झूठा	वि.	1. झूठ बोलनेवाला, मिथ्याभाषी;	ڪوڙو؛	कूड़ो;	liar;
		2. जो सच न हो, मिथ्या;	ڪوڙ	कूड़ु;	untrue;
		3. नकली, बनावटी।	ڪوڙو، نقلي، بناوٽي	कूड़ो, नकुली, बनावटी	false, fictitious.
झूमना	अ. क्रि.	1. इधर उधर हिलना, लहराना, झोंखे खना।;	جهولڻ، لڏڻ؛	झूलणु, लुड॒णु;	to sway to and fro;
		2. आनन्द या नशे के कारण शरीर को धीरे धीरे हिलाना।	جهومڻ	झूमणु	to nod the head in a gay mood or intoxication.
झूमर	पुं.	सिर में और कान में पहनने का एक गहना।	جهومڪ	झूमकु	a sort of ornament worn on head and ear.
झूल	स्त्री.	हाथी घोड़े आदि की पीठ पर सजावट के लिए डाला जानेवाला कपड़ा।	جُهل	झुल	body-clothes (of cattle, etc.).
झूलना	अ. क्रि.	1. झूले पर बैठकर पैंग लेना;	لڏڻ، جهولڻ؛	लुड॒णु, झूलणु;	to swing;
		2. किसी लटकती हुई चीज का बार बार आगे पीछे होना।	لڏڻ	लुड॒णु	to dangle, to oscillate.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झूला	पुं.	पेड़ की डाल, छत या किसी अन्य ऊंचे स्थान में बांधकर लटकाई हुई रस्सियां जिन पर तख्ता आदि रखकर लोग मनो-विनोद के लिए झूलते हैं।	جھولو، پينگھو، پينگھو	झूलो, पींघ, पींघो	swing, cradle.
झेंप	स्त्री.	लज्जा, संकोच, शर्म।	لج، سنکوچ، شرم	लज़, संकोच, शर्मु	blush, shyness.
झेंपना	अ. क्रि.	लजाना, शर्मिंदा होना।	لج ڪرڻ، شرمائڻ	लज़ करणु, शर्माइणु	to feel abashed, to blush, to feel embarrassed.
झेंपू	वि.	साधारण सी बात पर भी लज्जित होनेवाला।	شرميلو، لجاڻو	शर्मीलो, लज़ारो	one who is prone to feel abashed, embarrassed or to blush.
झेलना	स. क्रि.	सहना, बरदाश्त करना।	سهڻ، برداشت ڪرڻ	सहणु, बर्दाश्त करणु	to bear, to endure, to suffer.
झोंक	स्त्री.	1. झोंकने की क्रिया या भाव;	اندريتي اُچل؛	अंदरिते उछल;	the act or state of throwing in;
		2. सहसा किसी बात की ओर झुक पड़ने अथवा प्रवृत्त होने की अवस्था या भाव, धुन, आवेश;	جهڪاءِ، لاڙو، چاهه، رخ؛	झुकाउ, लाड़ो, चाहु, रुख़;	impulse, inclination;
		3. झुकाव, झुकाव के कारण किसी चीज पर पड़नेवाला बोझ।	جهڪاءِ، جهڪاو جو بار	झुकाउ, झुकाव जो बारु	swing, weight, sway, bend, incurvation.
झोंकना	स. क्रि.	1. वेग से एक चीज किसी दूसरी चीज में डालना, गिराना या फेंकना;	اُچلائڻ، ڦٽو ڪرڻ، ڪيرائڻ، وجهڻ؛	उछिलाइणु, फिटो करणु, केराइणु, विझणु;	to throw;
		2. भट्ठी में ईंधन डालना;	باهه ۾ ڪاٺيون ڪوئلا وغيره وجهڻ؛	बाहि में काठयूं-कोइला वग़ैरह विझणु;	to thrust or pour something into furnace;
		3. आवश्यकता से कहीं अधिक व्यय करना।	فضول اُچلائڻ؛ خرچ ڪرڻ	फ़िज़ूलु उछिलाइणु, ख़र्चु करणु	to spend blindly.
झोंका	पुं.	1. थोड़े समय के लिए सहसा चलनेवाली वायु-लहरी;	جهوٽو (هواجو)؛	झूटो (हवा जो);	gust, breeze, current (of wind);
		2. अल्पकालिक नींद।	جهوٽو، گهيرٽ	झूटो, घेरटु	nap.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झोंटा	पुं.	1. बिखरे हुए रूखे, लम्बे, मैले बाल;	وارن جو مچو؛	वारनि जो मुचो;	coil (of a woman's hair), a thick lock of dishevelled hair;
		2. भैंस का बच्चा, भैंसा;	پاڏو، وڇ، سان؛	पाडो, वछि, सानु;	a buffalo calf;
		3. पैंग।	لوڏو	लोडो	swing, oscillation.
झोंपड़ा (झोंपड़ी)	पुं. स्त्री.	घासफूस से छाया हुआ छोटा कच्चा घर।	جھونپڙي، چپر، چنو	झुंपिड़ी, छप्परु, छनो	hut, cottage.
झोला	पुं.	1. तरकारियों आदि में रसा या शोरबा जिसमें उनके टुकड़े इधर उधर हिलते हुए दिखाई देते हैं	رس، شروو؛	रसु, शुर्वो;	broth, soup;
		2. कपड़े के किसी अंश का ढीला या नाप से बड़ा होने के कारण लटकने वाला अंश।	ويڪري هڻڻ سبب ڪپڙي ۾ پونڊ گهنج؛	वेकिरे हुअण सबबि कपिड़े में पवंदड़ु घुंजु;	bagginess, rumple, pucker;
		3. मुलम्मा।	ملمعو، پاڻي	मुलिमो, पाणी	veneer, gilding.
झोलदार	वि.	जिसमें झोल हो।	جھولدار	झोलदारु	puckered, baggy.
झोला	पुं.	कपड़े, किरमिच आदि का थैला।	ٿيلهي، ٿيلهو	थेल्ही, थेल्हो	wallet, bag, kit.
झोली	स्त्री.	1. छोटा थैला;	ننڍي ٿيلهي؛	नंढी थेल्ही;	small bag;
		2. ओढ़े या पहने हुए कपड़े का पेट पर पड़नेवाला वह अंश जिसें दोनों हाथों से फैलाकर कोई चीज़ ग्रहण की जाती है।	جھول، جھولي	झोलु, झोली	beggar's bag.
टंकक	पुं.	वह व्यक्ति जो टंकण यंत्र पर चिट्ठी पत्री आदि छापता हो।	ٽائپ ڪندڙ، ٽائپسٽ	टाईपि कंदड़ु, टाईपिस्टु	typist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टंकन (टंकण)	पुं.	1. टंकण-यंत्र पर चिट्ठी-पंत्री आदि छापने का काम;	ٽائپ،ٽائپ ڪرڻ جو ڪم ؛	टाईपि, टाईपि करणु जो कमु;	typewriting, typing;
		2. टाँका या जोड़ लगाने का काम;	ٽانڪو، ريهو ؛	टांको, रेहो;	soldering;
		3. सिक्का ढालने तथा उस पर चिह्न आदि छापने की क्रिया या भाव।	ضرب، سڪا ٺاهڻ جو ڪم	ज़र्ब, सिका ठाहिण जो कमु	mintage.
टंकनयंत्र	पुं.	टंकन (टाइप) करने का यंत्र।	ٽائپ رائٽر	टाईपि राईटरु	typewriter.
टँकना	अ. क्रि.	1. कपड़े आदि के टुकड़ों के जोड़ पर सूई-धागे से टाँका लगाया जाना;	ٽاڪڻ، ٽاڪو ڏيڻ	टाकणु, टाको डि॒यणु;	to be stitched;
		2. धातुखंडों या पात्रों का टाँके के योग से जोड़ा जाना।	ٽاڪو يا ريهو ڏيڻ	टाको या रेहो डि॒यणु	to be soldered.
टँकवाना	स. क्रि.	1. टाँकने का काम किसी दूसरे से करवाना, सिलाकर लगवाना;	ٽاڪائڻ، سيائڻ ؛	टाकाइणु, सिबाइणु;	to cause to be stitched, to get stitched;
		2. टाँका लगवाना, धातुखंडों या पात्रों में जोड़ लगवाना।	ٽانڪو لڳرائڻ، ريهو لڳرائڻ	टांको लगा॒राइणु, रेहो लगा॒राइणु	to cause to be soldered, to get soldered.
टँकाई	स्त्री.	टाँकने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ٽاڪائي، سبائي ريهائي	टाकाणी, सिबाणी, रेहाणी	the work, state or wages for stitching, soldering.
टँकाना	स. क्रि.	दे० 'टँकवाना।	'ٽڪواڻ' ڏسو	डि॒सो–'टंकवाना'	same as 'टँकवाना'
टँकार	स्त्री.	1. धनुष की प्रत्यंचा को तानकर सहसा ढीला छोड़ने पर होनेवाली टन-टन ध्वनि;	ٽنڪار (ڌنش جي ڏوري جو آواز) ؛	टंकार (धनुष जी डो॒रीअ॒ जो आवाज़ु);	twang of a bow-string;
		2. किसी कसे हुए तार पर उंगली मारने से होनेवाली ध्वनि।	جهنڪار	झकार	tinkling sound.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टंकारना	स. क्रि.	1. धनुष की प्रत्यचा को तानकर सहसा ढीला छोड़ना जिससे वह टन-टन शब्द करने लगे;	ٹنڪارڪرڻ؛	टंकार करणु;	to twang;
		2. टन-टन शब्द उत्पन्न करना, टनटनाना।	ٽڻڪ-ٽڻڪ آواز پيدا ڪرڻ، ڇڻڪڻ	तुणकि-तुणकि आवाज़ पैदा करणु, छिण्कणु	to tinkle, to produce tinkling sound.
टंकी	स्त्री.	पानी भरकर रखने का एक आधान या पात्र, हौज़, कुंड।	ٽانڪي	टांकी	small water reservoir, tank, large water container.
टंगना	अ. क्रि.	1. किसी वस्तु का किसी ऊँचे आधार पर इस प्रकार अटकना कि उसका प्रायः सब भाग नीचे की ओर आ गया हो, लटकना;	ٽنگجڻ، لٽڪڻ لٽڪائڻ؛	टंगिजणु, लटकणु, लटकाइणु;	to hang, to be hung;
		2. फांसी पर चढ़ना;	ٽنگجڻ، سوريءَ چڙهڻ؛	टंगिजणु, सूरीअ चढ़णु;	to be suspended on gibbet;
		3. अनिश्चय की स्थिति में होना।	ٽنگجڻ، پڌ ترجي حالت ۾ هجڻ	टंगिजणु, वुड-तर जी हालत में हुजणु	to be in a state of uncertainty or indecision.
	पुं.	अलगनी	ڪپڙا ٽنگڻ جي نوڙي يا تار	कपिड़ा टंगण जी नोड़ी या तार	clothesline, rope, wire or bamboo for hanging clothes on.
टँगवाना	स. क्रि.	किसीको कुछ टांगने में प्रवृत्त करना।	ٽنگائڻ	टंगाइणु	to cause to be hung up, to hang up.
टँगाना	स. क्रि.	टंगवाना	'ٽنگوائڻ' سان گڏ جيئن	साग्यो जीअ 'टंगवाना'	same as 'टँगवाना'
टंटा	पुं.	1. व्यर्थ का उपद्रव, झगड़ा, बैर, विरोध;	ٽنٽو، جهگڑو، جهيڙو؛	टंटो, झगिड़ो, झेड़ो;	quarrel, wrangling, altercation;
		2. परेशानी, दिक्कत, बाधा।	پريشاني	परेशानी	botheration.
टकटकी	स्त्री.	ऐसी दृष्टि जिसमें देर तक पलक न गिरे।	گهور، تڪ، نهار	घुर, तक, निहार	gaze, stare, fixed look.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टकराना	अ. क्रि.	1 दो वस्तुओं, व्यक्तियों आदि का परस्पर सहसा जोर से भिड़ जाना;	ٹکرجڻ؛	टकिर्जिणु;	to collide, to be knocked;
		2. बाधक होना, संघर्ष होना, रगड़ना।	ٹکرجڻ، سامهون ٿيڻ	टकिर्जणु, साम्हूं थियणु	to clash, to quarrel, to encounter.
	स. क्रि.	दो वस्तुओं को भिड़ाना, आपस में टक्कर खिलाना या लगाना।	ٹکراڻڻ ٽکر لڳڻ	टकिराइणु टकरु लगणु	to bring into collision, to dash against, to knock (against).
टकसाल	स्त्री.	वह स्थान जहाँ सिक्के बनाए जाते हैं।	ضربخانو	ज़र्बिख़ानो	mint.
टकसाली	वि.	1. टकसाल संबंधी, टकसाल का;	ضربخاني سنبندي، ضربخاني جو؛	ज़र्बिख़ाने संबंधी, ज़र्बिख़ाने जो;	of or pertaining to a mint;
		2. टकसाल में बना हुआ;	ضربخاني ۾ ٺهيل؛	ज़र्बिख़ाने में ठहयलु;	coined in a mint;
		3. प्रामाणिक, चलनसार, वास्तविक, मान्य (सिक्का);	سچو، هلندڙ، قبوليل، اصلي (سڪو)؛	सचो, हलंदड़ु, कबूल्यलु, असुली (सिको);	genuine (coin). real;
		4. शुद्ध, प्रचलित, मानक (भाषा)।	شُڌ، چالو، هلندڙ (بولي)	शुद्धि, चालू, हलंदड़ (बोली)	standard, pure, chaste, current (speech).
टका	पुं.	1. तांबे का एक अप्रचलित भारतीय सिक्का जो दो पैसे के मूल्य का होता है, अधन्ना;	ٽڪو (پراڻو سڪو جيڪو ٻن ٽن پيسن جي برابر هو)؛	टको (पुराणो सिको जेको नवनि टिनि पैसनि जे बराबर हो);	an out-of currency Indian copper coin equal to two pices (paise);
		2. (ला०) धन-सम्पत्ति, रुपया-पैसा।	(تم.) ٽڪا، ڌن، ملڪيت	(तम.) टका, धनु, मिल्कियत	(fig.) money, wealth.
टकुली	स्त्री.	1. पत्थर काटने की छेनी;	ڇيٽي، ٽاڪي؛	छेणी, टाकी;	chisel of the engraver;
		2. चरखे का छोटा तकला	ٽڪ، ٽڪلي	टकु, टकुली	small spindle (of a spinning wheel).
टकोरी	स्त्री.	सोना-चांदी आदि तौलने का पुरानी चाल का एक प्रकार का कांटा या तराजू।	ٽُري (تاراڙي سون وغيره توري ٽڪي)	तुरी (ताराज़ी सोन वग़ैरह तोरणजी)	an out-dated balance or scales for weighing gold, silver etc.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टक्कर	स्त्री.	1. दो वस्तुओं का वेग के साथ आपस में भिड़ जाना;	ٹڪر؛	टकरु;	collision;
		2. संघर्ष, मुकाबला;	ٹڪر، مقابلو؛	टकरु, मुकाबिलो;	clash, quarrel, encounter;
		3. ठोकर।	ٹوڪر	ठोकर	stumble.
टखना	पुं.	पिंडली और एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हुई हड्डी।	مرو	मुरो	ankle.
टटिया	स्त्री.	तिनकों, तीलियों आदि को आपस में फंसा या बांधकर तैयार किया हुआ परदा।	ٽئو، چپري	टुओ, छपिरी	small screen (made of straw, reed or bamboo parings etc.)
टटोलना	स. क्रि.	1. अन्धकार में या स्पष्ट दिखाई न पड़ने पर हाथ या उंगलियों से छूकर वस्तु का अनुमान करना	هٿورا اڙيون هڻڻ گولهڻ؛	हथोराड़्यूं हणणु, गोल्हणु;	to grope, to feel;
		2. वार्तालाप द्वारा किसी के विचारों का पता लगाना, मन की थाह लेना;	انت لهڻ، تاه لهڻ گجهڪيڻ؛	अंतु लहणु, थाह लहणु गुझु कढ़णु;	sound (somebody);
		3. स्पर्श आदि के द्वारा जांचना, परखना।	جاچڻ، پرکڻ، ڇُهي ڏسڻ	जाचणु, पर्खणु, छुही ड्सिणु	to probe, to examine, to test or try by feeling.
टट्टर	स्त्री.	बांस की फट्टियों आदि को जोड़कर बनाया हुआ ढांचा जो ओट या रक्षा के लिए देहाती लोग दरवाजों में लगाते हैं	بانس جي پٽين مان ٺاهيل چڪ، اوٽ ڪرڻ جي پردي	बांस जे पटयुनि मां ठाह्यल चिक, ओट करण जी पर्दी	a large bamboo or wicker-work frame.
टट्टा	पुं.	बड़ी टट्टी, टट्टर।	بانس جي پٽين مان ٺاهيل اوٽ ڪرڻ جو وڏو چپر يا پردي	बांस जे पट्युनि मां ठाह्यलु ओट करण जो वड्डो छपर या पर्दी	large bamboo or wicker-work frame.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टट्टी	पुं.	1. शौचालय; 2. मल, पाखाना; 3. बांस की फट्टियों आदि को जोड़कर बनाई हुई दीवार या ढांचा।	پاخانو، ڪاڪوس؛ ڪاڪوس، هنگڻ؛ بانس جي ڪاٺين جي پردي	पाख़ानो, काकूस; काकूसु, हंगणु; बांस जे काठ्युनि जी पर्दी	latrine; stool; screen (made of bamboo parings, straw or reeds etc.)
टट्टू	पुं.	छोटे या नाटे कद का घोड़ा, टांगन।	ٽٽٽون	टट्टूं	undersized horse, pony.
टप	स्त्री.	1. वर्षा अथवा किसी तरल पदार्थ की बूँद या फल आदि के नीचे गिरने से होनेवाला शब्द; 2. गाड़ियां आदि पर छाया के लिए बनाया हुआ आच्छादन।	ٽپ-ٽپ (آواز)؛ ڏمڻ، چٽي (گاڏيءَ جي)	टपि-टपि (आवाज़); धमणु, छटी (गाड़ीअ जी)	sound of dropping water or falling fruits etc.; hood (of a carriage, etc.)
टपक	स्त्री.	1. टपकने की क्रिया या भाव; 2. किसी चीज के ऊपर से गिरने पर होनेवाला शब्द; 3. शरीर के किसी अंग में मवाद आदि या और कोई विकार हो जाने के कारण रह-रहकर होनेवाली हलकी पीड़ा, टीस; 4. धड़कन, कंपन।	ٽپ-ٽپ؛ ٽپڪ، ٽٽان ڪرڻ جو آواز؛ ڏڪ ڏڪ؛ ڏڪ ڏڪ	टपि-टपि; टपकि, मथां किरण जो आवाज़; दकि दकि; दकि दकि	dropping, dripping; sound of dropping (of a liquid, etc.) or of falling (fruits etc.); throbbing pain; throb, pulsation, beat.
टपकन	स्त्री.	दे० 'टपक'।	'टपक' ڏسو	डिसो– टपक	same as 'टपक'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टपकना	अ. क्रि.	1. किसी तरल पदार्थ का बूंद-बूंद करके या फलों आदि का टप-टप शबद करते हुए गिरना;	ٽپڪڻ، ٽمڻ، گڙڻ، سمڻ؛	टपिकण, टिमण, गुड़ण, सिमण;	to drop, to drip, to leak (as liquid or ripe fruit);
		2. सहसा कहीं आ पहुंचना;	اچانڪ پهچڻ؛	अचानक पहुचण;	to appear all of a sudden;
		3. किसी अंग में मवाद भरा होने के कारण रह-रहकर पीड़ा होना;	ڏونڌون ڪرڻ؛	धींधीं करण;	throbbing pain;
		4. धड़कना;	ڌڙڪڻ، ڏڪ ڏڪ ڪرڻ، دهڪڻ؛	धड़कण, दकि-दकि करण, दहिकण;	to beat, to throb, to palpitate;
		5. कोई भाव प्रकट होना, झलकना।	(ڀاو) ظاهر ٿيڻ، جهلڪڻ	(भाव) ज़ाहिरु थियण, झलिकण	to show up, to be reflected.
टपका	पुं.	1. पेड़ से पककर गिरा हुआ आम;	ٽپڪو (انب)؛	टप्को (अंब);	mango fallen from the tree when ripe;
		2. चूकर या रिसकर निकली हुई बूंद, रिसाव;	ٽپڪو (سمڻجو)؛	टप्को (सिमण जो);	drop;
		3. टप-टप शबद करते हुए बूंदों के गिरने की अवस्था या भाव।	ٽپڪو (برسات جو)	टप्को (बरसाति जो)	continuous dropping, dripping.
टपका-टपकी	स्त्री.	रह-रहकर होनेवाली बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा।	هلڪي برسات، ڦڙ ڦڙ	हल्की बरसाति, फुड़ि फुड़ि	persistent falling of rain drops.
टपकाना	स. क्रि.	1. कोई चीज बूंदों के रूप में गिराना;	ٽپڪائڻ، ٽمائڻ؛	टपकाइण, टिमाइण;	to cause to drop, drip;
		2. भभके आदि के द्वारा अरक, आसव आदि तैयार करना, चुआना	چڪائڻ	चिकाइण	to cause to distil.
टप-टप	स्त्री.	बूंदों के गिरने या घोड़े आदि के चलने से टप-टप शबद।	ٽپ ٽپ، ٽاپ ٽاپ (برسات پوڻ يا گهوڙي جي هلڻ جو آواز)	टपि-टपि, टापि-टापि (बरसाति पवण या घोड़े जे हलण जो आवाज़)	sound of falling of drops etc., patter, pattering sound.
	क्रि. वि.	टप-टप शबद करते हुए।	ٽپ ٽپ ڪندي	टपि-टपि कंदे	with a sound like that of a dropping liquid, in continuous drops.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टप्पा	पुं.	1. उछाली, कुदाई या फेंकी हुई वस्तु द्वारा एक बार में पार किया जानेवाला फासला या दूरी;	ٹپو/ٹپو، ٹپ؛	टपो/टिपो, टप्;	bound, range(of a ball, bullet etc.);
		2. उछाल, फलांग;	ٹپو چال، ٹپ؛	टपो, छालु, टप्;	spring, leap, jump;
		3. दो चीजों या स्थानों के बीच की दूरी;	مفاصلو، وٺي؛	मुफ़ासिलो, विथी;	distance, intervening space, interval;
		4. बड़ी या मोटी सीमन;	وڏو ڪيو؛	वड्डो वख्यो;	a long stitch (in sewing);
		5. एक प्रकार का पक्का गाना जिसमें गले से स्वरों के बहुत छोटे-छोटे टुकड़े एक विशेष प्रकार से निकाले जाते हैं।	هندستاني سنگيت جو هڪ قسم، ٹپو	हिंदुस्तानी संगीत जो हिकु किस्मु, टपो	a form of light classical Hindustani music employing very quick movements.
टब	पुं.	पानी रखने या नहाने का एक प्रकार का खुले मुंह का चौड़ा और बड़ा बरतन।	ٽبُ، پيپ	टबु, पीपु	tub.
टमटम	पुं.	दो पहियों की एक खुली गाड़ी जिसमें कई घोड़े जोते जाते हैं।	وڪٽوريا گاڏي	विक्टोरिया गाड़ी	a tumtum, an open horse-carriage.
टमाटर	पुं.	बेंगन की जाति का एक प्रसिद्ध पौधा और उसके फल जो लाल रंग के गोल-गोल होते हैं।	ٽماٽو	टमाटो	tomato.
टरकना	अ. क्रि.	चुपके से चले जाना, धीरे से खिसक जाना, टल जाना।	چپ چاپ هليو وڃڻ، ڪسڪي وڃڻ، ٽري وڃڻ	चुपु चापि हल्यो वञणु, खिस्की वञणु, टरी वञणु	to slip away, to slink off.
टरकाना	स. क्रि.	1. टालना, टालमटोल करना;	ٽارڻ، ڪسڪائڻ؛	टारणु, खिस्काइणु;	to put off, to evade;
		2. बहुत थोड़े में खतम कर देना।	ٿوريءَ ۾ ختم ڪرڻ	थोरे में ख़तमु करणु	to dispose of summarily.
टर्रा	वि.	कटुवादी।	ٽرڙو، هٺيلو، ڪوڙو گالهائيندڙ	टर्ड़ो, हठीलो, कौड़ो गाल्हाइंदड़ु	harsh-spoken (person), haughty, grumbling.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टर्राना	अ. क्रि.	1. टर्र-टर्र करना, टरटराना, मेंढ़क का बोलना;	ٹان ٹان ڪرڻ، ٽرٽر ڪرڻ؛	टां टां करणु, टर्टरि करणु;	to croak;
		2. उद्दण्डतापूर्ण और घमंडभरी बातें करना।	ٽيڪرسان گالهائڻ	टेगुरि सां गाल्हाइणु	to grumble haughtily.
टलना	अ. क्रि.	1. किसी चीज का अपने स्थान से खिसकना, सरकना, हटना;	ٽرڻ، ڇُرڻ، کسڪڻ؛	टरणु, चुरणु, खिस्कणु;	to move, to stir, to be displaced;
		2. किसी काम से आए हुए व्यक्ति का अपना काम पूरा किए बिना चले जाना;	کسڪي وڃڻ، ترڪي وڃڻ، ڪم ڇڏي هليو وڃڻ؛	खिस्की वञणु, तिर्की वञणु, कमु छड्डे हल्यो वञणु;	to slip away, to make off, to get out of the way;
		3. घटते होने से रुक जाना, स्थगित हो जाना;	ٽرڻ، رڪجڻ؛	टरणु, रुकिजणु;	to be averted, to be postponed;
		4. पालन न होना, माना न जाना;	بجاوري نه ٿيڻ، مڃيو نه وڃڻ؛	बजावरी न थियणु मञ्यो न वञणु;	to fail of observance, to be disobeyed;
		5. (विचार, आदत आदि का) छोड़ना, हटना।	ويچار يا عادت ڇڏڻ، پويان پيرڪرڻ، هٽڻ	वीचारु या आदत छड्डणु, पोयां पेर करणु, हटणु	to withdraw, to recede.
टलाटली	स्त्री.	बहानेबाजी, टालमटोल।	بهاني بازي	बहाने बाज़ी	evasion.
टहनी	स्त्री.	वृक्ष की शाखा।	گسگساءِ، ٽاري	गुसुगुसाउ, टारी	twig.
टहल	स्त्री.	सेवा, सुश्रूषा।	ٽهل، شيوا، خدمت	टहिल, शेवा, ख़िज़मत	drudgery, menial service.
टहलना	अ. क्रि.	जी बहलाने या स्वास्थ्य सुधार के लिए चलना-फिरना।	سيرڪرڻ، گهمڻ ڦرڻ، ٽهلڻ	सैरु करणु, घुमणु-फिरणु, टहिलणु	to stroll, to walk.
टहलनी	स्त्री.	सेविका, दासी।	ٽهلڻ، نوڪرياڻي؛ داسي	टहलिण, नौकियाणी, दासी	woman servant, maid-servant.
टहलाना	स. क्रि.	किसीको टहलने में प्रवृत्त करना, घुमाना-फिराना।	سيرڪرائڻ، گهمائڻ ٽهلائڻ	सैरु कराइणु, घुमाइणु टहिलाइणु	to cause to walk to and fro.
टहलुआ	पुं.	टहल करनेवाला, सेवक।	ٽهليو، شيوڪ، نوڪر	टहिल्यो, शेवकु, नौकरु	drugde, menial worker.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टहोका	पुं.	हाथ या पैर से दिया हुआ धक्का।	ٹوڪر، لت، ڌڪو	ठोकर, लत, धिको	blow, jog, nudge.
टांक	स्त्री.	टांकने की क्रिया या भाव।	سلائي، ٽاڪو، بکيو	सिलाई, टाको, बख्यो	stitching.
टांकना	स. क्रि.	1. सूई, डोरे आदि से सीकर कोई चीज कपड़ों पर लगाना;	ٽاڪڻ	टाकणु;	to stitch, to cobble;
		2. दो चीजों को आपस में जोड़ने, मिलाने आदि के लिए किसी प्रकार उनमें टांका लगाना;	گنڍڻ، رڀڻ	गुंढणु, रेहणु;	to solder;
		3. चक्की, सिल आदि को टांकी से रेहना;	ٽاڪڻ، آهوڙڻ	टाकइणु, आहोड़णु;	to roughen the surface of a stonemill;
		4. लिखना, लिख देना।	لکي ڇڏڻ	लिखी छड्णु	to jot down.
टांका	पुं.	1. हाथ की सिलाई में, धागे आदि की वह सीयन जो एक बार सूई को एक स्थान से गड़ाकर दूसरे स्थान पर निकालने से बनती है, सीवन;	ٽاڪو، بکيو، ٽوپو	टाको, बख्यो, टोपो;	stitch;
		2. धातुओं को जोड़ने या सटाने के लिए लगाया गया जोड़।	رڀو، ٽاڪو	रेहो, टाको	solder.
टांकी	स्त्री.	छैनी की तरह का संगतराशों का एक औजार	ڇيٽي، ٽاڪي	छेणी, टाकी	stone cutter's chisel.
टांग	स्त्री.	जांघ से लेकर एड़ी तक का वह भाग जिसके सहारे प्राणी चलते हैं।	ٽنگ، جنگھ	टंग, जंघ	leg.
टांगना	स. क्रि.	1. किसी चीज को किसी ऊँचे स्थान पर इस प्रकार अटकाना कि वह लटकती या झूलती रहे;	ٽنگڻ، لٽڪائڻ، لڙڪائڻ	टंगणु, लट्काइणु, लड़काइणु;	to hang, to suspend;
		2. फांसी पर चढ़ाना या लटकाना।	ٽنگڻ، ڦاسيءَ تي چاڙهڻ، لٽڪائڻ	टंगणु, फासीअ ते चाढ़णु, लट्काइणु	to suspend in gibbet.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टांगी	स्त्री.	कुल्हाड़ी।	ننڍي ڪهاڙي	नंढी कुहाड़ी	small axe, hatchet.
टांकना	स.	1. टांकना;	ٽاڪڻ، سبڻ؛	टाकणु, सिबणु;	to stitch;
	क्रि.	2. लिख देना।	لکي ڇڏڻ	लिखी छड्डणु	to jot down.
टांड	स्त्री.	1. चीजें रखने के लिए दो दीवारों या अलमारी के बीच में लेटे बल लगा हुआ लकड़ी का तख्ता या पत्थर;	تختو؛	तख़्तो;	plank fixed in the wall for storing things;
		2. लकड़ी आदि के खंभों पर बनी हुई कोई छोटी रचना (मचान आदि)।	پيهو، ٿلهو	पेहो, थल्हो	raised platform.
टाट	पुं.	माल बांधने, बिछाने या परदे के काम आनेवाल सन या पटसन का मोटा कपड़ा।	ٽاٽ، پال	टाटु, पालु	sack cloth, mat.
टाप	स्त्री.	1. घोड़े के पैर का वह निचला भाग जिसमें खुर होता है और जो जमीन पर पड़ने से टप-टप शब्द करता है;	سنب؛	सुंबु;	hoof (of a horse);
		2. उक्त भाग के जमीन पर पड़ने से होनेवाला शब्द;	ٽاپ ٽاپ (آواز)؛	टापि-टापि (आवाज़);	tramp (of a horse);
		3. तालाब आदि में मछली पकड़ने का खांचा।	مڇي ڦاسائڻ جو ٽوڪرو، ڪارو	मछी फासाइण जो टोकिरो, खारो	a bamboo frame for catching fish.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टापना	स. क्रि.	कूद जाना या लांघना।	ٽپي وڃڻ	टपी वञणु	to leap or spring over.
	अ. क्रि.	1. घोड़े का इस प्रकार पैर पटकना जिससे पट-पट शब्द हो, खूंदना;	ٽاپ ٽاپ ڪرڻ؛	टापि टापि करणु;	to paw, to trample;
		2. असहाय स्थिति में होना;	منجهڻ، پريشان ٿيڻ؛	मुंझणु, परेशानु थियणु;	to be left helpless;
		3. अधीर होना।	بي صبر ٿيڻ، بي آرام ٿيڻ	बे सबुरु थियणु, बे आरामु थियणु	to be impatient, restless, or agitated.
टापू	पुं.	स्थल का वह भाग जो चारों ओर पानी से घिरा हो।	ٻيٽ	बेटु	island.
टाल	स्त्री.	1. एक दूसरी पर लादकर रखी हुई बहुत सी चीजों का ऊँचा और बड़ा ढेर, अंबार, राशि;	ڍير، انبار، ڍڳ؛	ढेरु, अंबारु, ढिगु;	stack, heap;
		2. लकड़ी, कोयले आदि की दुकान;	ڪاٺين، ڪوئلن جو دُڪان، ٽال؛	काठयुनि-कोइलनि जो दुकान, टालु;	heap of fire-wood, coal etc.
		3. किसी काम या बात को टालने की क्रिया या भाव, हीला-हवाला।	ٽارڻ جو ڪم، حيلو حجت	टारणु जो कमु, हीलो-हुजतु	postponement, evasion, subterfuge.
टालना	-स. क्रि.	1. स्थगित करना;	ٽارڻ، مهمل ڪرڻ؛	टारणु, महिमलु करणु;	to postpone, to put off;
		2. बहाना करके पीछा छुड़ाना, हटा देना, टकराना;	ٽارڻ، بهانا ڪري جند ڇڏائڻ، هٽائڻ، نٽائڻ؛	टारणु, बहाना करे जिंदु छडाइणु, हटाइणु, नटाइणु;	to evade by subterfuge, to evade, to prevaricate;
		3. निवारण करना, घटित न होने देना;	ٽارڻ، ڪنارو ڪرڻ، ٿيڻ نه ڏيڻ؛	टारणु, किनारो करणु, थियणु न डियणु;	to avert, to avoid;
		4. पालन न करना, ध्यान न देना, उपेक्षा करना;	نه مڃڻ، ڌيان نه ڏيڻ، نٽائي ڇڏڻ؛	न मञणु, ध्यानु न डियणु, नटाए छडणु;	disobey, to ignore, to fail to observe;
		5. खिसकाना या सरकाना	ڪسڪائڻ، سرڪائڻ، ڇوريڻ، ريڙهڻ	खिस्काइणु, सिर्काइणु, वोरणु, रेढ़णु	to move, to stir, to displace.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टाल-मटोल	स्त्री.	किसी कार्य को पूरा न करने के लिए बहानेबाजी करना, किसी और समय के लिए टालते रहना।	بهاني بازي گوٿ ناٿي	बहाने बाज़ी गोथि नाथी	evasion, putting off (on some pretext), postponement.
टिंडा	पुं.	एक लता और उसके छोटे गोल फल जिनकी तरकारी बनाई जाती है।	ميهو، ميهي جي ول	मेहो, मेहे जी वलि	a kind of green vegetable, diospyros melanoxylon.
टिकट	पुं.	1. कर या किराया चुकाने पर प्राप्त कागज, दफती आदि का वह टुकड़ा जिससे सिनेमा, रेलगाड़ी, बस आदि में प्रवेश का अधिकार प्राप्त होता है;	ٽڪيٽ؛	टिकेट;	ticket;
		2. डाक टिकट।	ٽڪلي	टिक्ली	postage, stamp.
टिकट घर	पुं.	वह स्थान जहां कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए टिकट बिकते हों।	ٽڪيٽ گهر	टिकेट घरु	booking office.
टिकटिकी	स्त्री.	1. मध्ययुग में अपराधी को बाँधकर बेंत लगाने के लिए बना हुआ लकड़ी का ढाँचा या फाँसी देने का तख्ता;	پراڻي زماني ۾ ڏوهي کي بيتي سزا ڏيڻ لاءِ ٺاهيل تختو، ڦاسيءَ جو تختو؛	पुराणे ज़माने में डोहीअ खे बुधी सज़ा डियण लाइ ठाहियलु तख्तो, फासीअ जो तख़्तो;	a wooden frame used for execution or corporal punishment in medieval India, gallows;
		2. अरथी।	ڪاڻي، جنازو	काई, जनाज़ो	bier.
टिकड़ा	पुं.	1. किसी चीज का छोटा विशेषतः चिपटा गोल टुकड़ा;	ڪنهن ڌاتوءَ جو گول ٽڪرو، ٽڪڙو، ڇڪرو؛	कहिं धातुअ जो गोलु टुकिरो, टिकिड़ो, चकिरो;	small round piece of metal etc;
		2. गले में पहनने के आभूषणों में लटकता धातु का वह गोल खंड जिसमें नग आदि जड़े जाते हैं;	لٽڪڻو، پتلو؛	लटकणो, पुतिलो;	pendant;
		3. आँच पर सेंक कर पकाई हुई छोटी चिपटी मोटी रोटी।	ٽڪي، ڪوڪي، لولي	टिकी, कोकी, लोली	a small round cake baked in fire, wafer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टिकड़ी	स्त्री.	आँच पर सेंककर पकाई हुई छोटी चिपटी रोटी।	ٹڪي، ڪوڪي، لولي، باهتي سيڪيل روٽي	टिकी, कोकी, लोली, बाहि ते सेक्यल रोटी	a small round cake baked in fire, wafer.
टिकना	अ. क्रि.	1. किसी आधार पर ठीक प्रकार से खड़ा या स्थित होना;	ٽڪڻ، بيهڻ؛	टिकणु, बीहणु;	to stick fast, to stand, to be situated, to remain firm;
		2. यात्रा के समय विश्राम के लिए कहीं ठहरना;	ٽڪڻ، ترسڻ؛	टिकणु, तर्सणु;	to stay, to stop, to halt;
		3. कुछ समय के लिए अस्तित्व में बने रहना;	ٽڪڻ، هلڻ؛	टिकणु, हलणु;	to last, to continue;
		4. किसी चीज का ठीक स्थिति में बने रहना, फलतः दूषित या विकृत न होना;	جٽاءڪرڻ، جٽڻ؛ خراب نه ٿيڻ؛	जटाउ करणु, जटणु, ख़राबु न थियणु;	to become durable;
		5. केन्द्रित होना।	جمع ٿيڻ	जमउ थियणु	to be concentrated.
टिकली (टिकुली)	स्त्री.	विवाहिता हिन्दू स्त्रियों का माथे पर लगाने का एक आभूषण।	ٽڪڙو (ڌاتوءِ يا شيشي جو ننڍو گول ٽڪرو جيڪو هندو ٻالون نرڻ تي چنبڙائيندا آهن)	टिकिड़ो (धातूअ या शीशे जो नंढो गोलु टुकिरो जेको हिंदू ज़ालूं निर्ड़ते चंबुड़ाईंदूं आहिनि)	an auspicious small round object gummed on the fore-head of a Hindu married woman.
टिकाऊ	वि.	जो अधिक समय तक काम में आती रहे।			lasting, durable.
टिकाना	स. क्रि.	1. किसी आधार पर किसी चीज को खड़ा करना या ठहराना;	ٽڪائڻ، بيهارڻ؛	टिकाइणु, बीहारणु;	to cause to stand, to be situated, remain firm, stick fast;
		2. किसीके कुछ समय तक ठहरने या रहने की व्यवस्था करना।	ٽڪائڻ، ترسائڻ، رهائڻ	टिकाइणु, तर्साइणु, रहाइणु	to station, encamp, to put (one) up, lodge.
टिकाव	पुं.	1. टिके हुए होने की अवस्था या भाव, स्थिरता;	ٽڪاءِ، جٽاءِ؛	टिकाउ, जटाउ;	stability, permanence, durability, firmness,
		2. टिकने का स्थान, पड़ाव।	ٽڪڻ جي جاءِ، پڙاءُ	टिकण जी जाइ, पड़ाउ	halting place, residence, abode.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टिकिया (टिक्की)	स्त्री.	1. कोई गोलाकार चिपटी कड़ी तथा छोटी वस्तु;	گولي،تکي؛	गोली, टिकी;	pill, tablet;
		2. साबुन आदि का छोटा आयताकार टुकड़ा।	صابن جي چڪي	साबुण जी चकी	small cake.
टिक्कड़	पुं.	बड़ी टिकिया।			a thick large cake of bread
टिटिहरी	स्त्री.	पानी के किनारे रहनेवाली एक चिड़िया, कुररी।	تتيهر،گهتڙي (پکي)	टिटीहरि, घतिणी (पखी)	the sand-piper, the pewit or lap wing.
टिड्डा	पुं.	एक प्रकार का उड़नेवाला बड़ा कीड़ा।	مڪڙ	मकड़ु	grass hopper.
टिड्डी	स्त्री.	दल बांधकर उड़नेवाला एक प्रकार का बड़ा फतिंगा जो फसल को नष्ट कर देता है।	ماڪڙ	माकड़ि	locust.
टिपकारी (टीपकारी)	स्त्री.	ईंटों आदि की जोड़ाई के संधिस्थल पर सीमेंट या बरी का मसाला लगाना, टीपने का कार्य, टीप।	سربندي	सिरबंदी	pointing (in masonry).
टिपटाप	पुं.	तड़क-भड़क, ठाट-बाट, ऊपर का बनाव सिंगार,टीमटाम।	ٺاٺ باٺ،ٺاهٺوهه	ठाठ-बाठु, ठाह-ठूह	pomp, show, ostentation, splendour.
	वि.	तड़क-भड़क से रहनेवाला।	ٽيڻ،پيڪيدار ٺاٺ باٺوارو	टिपणु, भभिकेदारु, ठाठ बाठवारो	ostentatious, pompous, showy.
टिपवाना	स. क्रि.	1. टीपने का कार्य किसी और से करवाना, लिखवाना;	لکارائڻ،سربندي ڪرائڻ؛	लिखाराइणु, सिरबंदी कराइणु;	to cause to be copied or jotted down;
		2. दीवार आदि की संधियों में मसाला भरवाना।	درزون وٺائڻ يا ڪرائڻ	दर्ज़ं वठाइणु या कराइणु	to cause to be pointed (in masonry).
टिपाई	स्त्री.	टीपने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	سربندي،سربنداڻي، لکائي،لکاڻي	सिर बंदी, सिरबंदाणी, लिखाई, लिखाणी	the work of or wages for copying, pointing etc.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टिप्पण	पुं.	1. तथ्यों का संक्षिप्त अभिलेख, एक प्रकार का प्रायः छोटा और औपचारिक पत्र या लेख;	ٹپ (جمع)؛ اختصار؛	टिप (जमउ), इख़्तसारु;	note, annotation;
		2. व्याख्या, टीका।	وياکيا، ٽيڪا	व्याख्या, टीका	gloss, commentary
टिप्पणी	स्त्री.	1. किसी विषय में तथ्यों का संक्षिप्त अभिलेख, एक प्रकार का प्रायः छोटा और औपचारिक पत्र;	شرح، ٽيڪا؛	शरह, टीका;	annotation, note;
		2. किसी विषय के संबंध में प्रकट किया गया संक्षिप्त विचार।	راءِ، رايو ٽيڪا	राइ, रायो, टीका	remark, comment.
टिप्पा	स्त्री.	1. गेंद आदि की टकराकर लौटने की क्रिया या भाव, प्रतिघात, प्रतिक्षेप;	ٽپ، اٿل؛	टपु, उथल;	rebound;
		2. गेंद आदि की उछाल, उछलन।	ٽپ	टपु	bounce.
टीकाकार	पुं.	किसी ग्रंथ के अर्थों की व्याख्या करनेवाला, व्याख्याकार, भाष्यकार, विवृत्तिकार।	ٽيڪاڪار،	टीकाकार,	commentator.
टीका-टिप्पणी	स्त्री.	कोई प्रसंग छिड़ने या बात सामने आने पर उसके गुण, दोष आदि के संबंध में प्रकट किए जानेवाले विचार।	ٽيڪا ٽپڻي، طنز	टीका टिपणी, तन्ज़	remarks, comments, criticism.
टीन	पुं.	1. रांग की कलई की हुई लोहे की पतली चद्दर जिससे कनस्तर, डिब्बे आदि बनते हैं;	ٽين (ڌاتو)؛	टीनु (धातु);	a white highly malleable metal, tin-plate, tin;
		2. उक्त चद्दर से बना कनस्तर या डिबूबा।	ٽين (ٽين جو ڊبو)	टीनु (टीन जो दबो)	container made of tin, can, tin.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टीप	स्त्री.	1. ईंट की दीवारों आदि की संधियों में मसाला भरने का काम, मसाला भराई;	درازبندي ، مصالحي پرائي	दराज़बंदी, मसाले भराई;	pointing;
		2. इन्दराज, प्रविष्टि;	داخلا	दाख़िला;	entry;
		3. संक्षेप में लिखी हुई कोई बात या सूचना आदि;	ٹپ (جمع) ، مختصر نوٹ	टिप (जमउ), मुख़्तसिरु नोटु;	note;
		4. थपकी, हथेली का हलका आघात;	ٹھڪي	थफिकी;	tapping;
		5. तीव्रता बनाए रखने के लिए किसी एक स्वर का जोर से किया जानेवाला उच्चारण (संगीत में)।	اونچو سُر (گائڻ ۾)	ऊंचो सुरु (गाइण में)	light pitch (in music).
टीपना	स. क्रि.	1. याद रखने के लिए कुछ लिख या टांक लेना;	(يادلاءِ) نوٽ ڪرڻ ، لکي رکڻ	(यादि लाइ) नोटु करणु, लिखी रखणु;	to note down, to jot down;
		2. दर्ज करना;	داخل ڪرڻ	दाख़िलु करणु;	to enter, to register;
		3. ईंटों की दीवार आदि की संधियों में मसाला भरना।	درزون پيرڻ	दर्ज़ू भरणु	to point (in masonry);
		4. (किसी लेख आदि की) नकल करना।	نقل ڪرڻ ، ڪاپي ڪرڻ	नकुलु करणु, कापी करणु	to copy.
टीप-टाप	स्त्री.	तड़क-भड़क, ऊपरी बनाव-सिंगार।	ٽيپ ٽاپ ، ٺاٺ باٺ ، ٺاهٺوهه ، ڏيک ويک	टीप-टाप, ठाठु-बाठु, ठाह ठूह, डे॒खु-वे॒खु	show, pomp, ostentation.
टीला	पुं.	1. छोटी पहाड़ी की तरह उभड़ा तथा ऊँचा उठा हुआ भूखंड, ढूह;	ڏاڏو ، ڊب ، ٽيلو	दड़ो, डिबु, टीलो;	mound;
		2. छोटी पहाड़ी।	ٽڪري	टकिरी	hillock.
टीस	स्त्री.	सहसा तथा रह-रह कर उठनेवाली पीड़ा, हूल।	سوٽ ، پيڙا (رکي رکي اڀرندڙ سور)	सूट, पीड़ा (रखी रखी उभिरंदड़ु सूरु)	agony, shooting pain.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टुंटा(टुंडा)	वि.	1. ऐसा व्यक्ति जिसके एक या दोनों हाथ कटे हों;	ٹنڈو؛	टुंडो;	handless, born without hands, having one or both of the hands cut off;
		2. एक या दोनों सींगों से रहित(पशु)।	موڈو، ري سڳو	मोडो, रे सिडो	hornless.
	पुं.	1. लूला;	لولو؛	लुलो;	a person who is without hands or arms (whether maimed or born so);
		2. टूटे सींगों वाला पशु।	سڳ پڳل (جانور) موڈو	सिड भगलु (जानिवरु) मोडो	hornless animal, animal with one or both of the horns broken.
टुकड़ा	पुं.	1. किसी वस्तु में से टूटा या तोड़ा हुआ छोटा अंश;	ٽڪر، ٽڪرو؛	टुकुरु, टुकिरो;	piece, fragment;
		2. किसी वस्तु, रचना आदि का कोई विशिष्ट अंश, खंड या भाग;	پاڳو، حصو؛	भाडो, हिस्सो;	part, portion, division etc.;
		3. रोटी का टुकड़ा।			a bit of bread.
टुकड़ी	स्त्री.	1. सैन्यदल;	ماڻهن جو گروپ	मानीअ गुभो	troop, a corps (of an army);
		2. कुछ विशिष्ट प्रकार के प्राणियों अथवा कोई विशिष्ट कार्य करनेवाले लोगों का छोटा दल, वर्ग या समुदाय।	فوج جو حصو، فوجي ٽولي؛	फ़ौज जो हिसो, फौजी टोली;	group, party, band
टुच्चा	वि.	1. बहुत ही निम्न या क्षुद्र विचारोंवाला (व्यक्ति);	ٽڇ بيهودو، اوڇو ڪميڻو؛	नीचु बेहूदो, ओछो कमीणो;	low, mean (fellow);
		2. तुच्छ, क्षुद्र, हेय (कथन आदि)।	ٽڇ، خسيس	तुछु, ख़सीसु	worthless, petty, insignificant.
टुट-पुंजिया	वि. पुं.	जिसके पास बहुत ही थोड़ी पूंजी हो।	ٿوري ۽ پونجي ۽ واري، غريب، سقيم	थोरीअ पूंजीअ वारो, गरीबु, सकीमु	(a man) of petty resources.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टूंगना (टुंगना)	स. क्रि.	1. टहनी के सिरे की कोमल पत्तियों को दांत से काटना, कुतरना;	ڪُترڻ، ٽڪڻ؛	कुतिरण, टुकण;	to nibble, to pick;
		2. अरुचिपूर्वक थोड़ा थोड़ा करके और धीरे खाना।	ٿورو ٿورو وکري ڀاڄي ڀاڄو کائڻ، چڱڻ	थोरो थोरो करे बेचाहो खाइण, चुगणु	to eat slowly with distaste.
टूटन	स्त्री.	1. टूटने की क्रिया या भाव;	ڀڳ-ٽٽ؛	भग-टुट;	breaking;
		2. टूटी हुई चीज के टुकड़े।	ٽڪر ٽوٽا	टुकर-टोटा	fragments or pieces of a broken thing.
टूटना	अ. क्रि.	1. किसी चीज का खंडित या भग्न होना, टुकड़े होना, कटकर अलग होना;	ڀڄڻ، ڪٽجي جُدا ٿيڻ، ٽٽڻ؛	भजणु, कटिजी जुदा थियण, टुटणु;	to be broken, fractured, cracked, damaged etc;
		2. अलगाव या पार्थक्य होना, अलग या दूर होना, निकल जाना;	جُدا ٿيڻ، الڳ يا دور ٿيڻ؛	जुदा थियण, अलगि या दूरि थियणु;	to break with, to be severed, sundered;
		3. विघटित होना, समाप्त या बंद होना;	ڳري وڃڻ، ختم ٿيڻ، بند ٿيڻ؛	गुरी वञणु, खतम थियणु, बंदि थियणु;	to be dissolved (as partnership), closed, abolished etc.
		4. घटना, कम हो जाना, ह्रास होना;	ڪٽجڻ، ٿورو ٿيڻ؛	घटिजणु, थोरो थियणु;	to be on the wane;
		5. ऐसी पीड़ा से युक्त होना जिसमें शरीर के अंगों में ऐंठन मालूम हो;	اَهڙو سور جنهن ۾ سريرسيرجي پوي؛	अहिड़ो सुरु जंहिं में सरीरु सीरिजी पवे;	to have twisting pain;
		6. एक साथ दल बांधकर कहीं जाना या पहुँचना;	ڪاٺ هڻڻ، ڌوڪي وڃڻ، حملو ڪرڻ؛	खाटु हणणु, धूके वञणु, हम्लो करणु;	break in, rush in, make a rush (upon), attack;
		7. शत्रुओं के अधिकार में चला जाना;	دشمن جي هٿ چڙهي وڃڻ؛	दुश्मन जे हथि चढ़ी वञणु;	to be in the possession of the enemies;
		8. छोटे सिक्कों के रूप में परिवर्तित होना, भुनना।	ننڍين سِڪن ۾ بدلجڻ، ريزي ۾ بدلجڻ يا مٽجڻ	नंढनि सिकनि में बदिलिजणु, रेज़े में बदिलजणु या मटिजणु	to be changed (as money).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टूट-फूट	स्त्री.	1. प्रयोग आदि के कारण किसी वस्तु का होने वाला क्रमिक क्षय, क्षति, हानि;	ڀڳ، ٽٽ، ڪوٽ، ڀاڱ ۽	भग-टुट, खोटि, भाङि;	breakage, damage;
		2. क्षतिमूल्य, क्षतिपूर्ति	ڪوٽ جي پورائي	खोटि जी पूराई	wear and tear, damages.
टूटा-फूटा	वि.	1. टूटा हुआ, क्षतिग्रस्त;	ڀڳل-ٽٽل، خراب ٿيل ۽	भगलु-टुटलु, ख़राबु थ्यलु;	broken to pieces, damaged;
		2. ध्वस्त, नष्ट।	ڊٺل، گٺل ۽ چنل، ڪٽل	डठलु, गठलु, छिनलु-खुथलु	demolished, worn out;
टेंट	स्त्री.	1. कमर में पड़नेवाली धोती की वह लपेट जिसमें रुपये पैसे आदि भी रखे जा सकते हैं;	چيلهه، وٽ ڌوتيءَ جو ور (پئسا بڌڻ لاءِ) ۽	जो वरु (पैसा बधण लाइ);	a fold in the dhoti;
		2. करील का पका फल;	پڪل ڌوٽرو، پڪو ۽	पकलु डींरो, पको;	the ripe fruit of karil;
		3. कपास की टोंट;	ڊينو ۽	डेनो;	a cotton - pod;
		4. मोतियाबिन्द।	موتيو پاڻي	मोत्यो पाणी	speck in the eye, cataract.
टेंटी	स्त्री.	करील नामक पौधा और उसका फल।	ڪرڙ جو ٻوٽو ۽ ڦل ڪرڙ	किरिड़ जो बूटो ऐं फलु, किरिड़	the karil tree and its fruit.
टेंटुआ	पुं.	गला, गरदन।	گلو، ڳچي، گردن	गलो, गिची, गर्दनु	throat, neck.
टेंडर	पुं.	किसी काम या सेवा का ठेका लेने से पहले उपस्थित किया जानेवाला वह पत्र जिसमें लिखा रहता है कि हम अमुक-अमुक काम इतने दिनों के अन्दर और इतने रुपये लेकर पूरा कर देंगे, निविदा	ٽينڊر	टेंडरु	tender.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टेक	पुं.	1. कोई ऐसी चीज जो दूसरी चीज को गिरने या लुढ़कने से बचाने के लिए सहारा दे;	ٹيڪ، آڌار؛	टेक, आधारु;	prop, stay, support;
		2. हठ, आग्रह, संकल्प।	هٺ، سنڪلپ، ارادو؛	हठु, संकल्पु, इरादो;	resolve, determination;
		3. गाने की प्रथम पंक्ति जो बार-बार दोहराई जाती है।	ٿل، ٽيڪ	थलु, टेक	burden of a song, refrain.
टेकना	स. क्रि.	1. किसी चीज को गिरने आदि से बचाने के लिए उसमें टेक लगाना;	ٽيڪ ڏيڻ آڌار ڏيڻ؛	टेक ड्यिणु, आधारु ड्यिणु;	to support, to prop;
		2. किसी चीज को किसी दूसरी चीज के सहारे खड़ा करना या बैठाना, टिकाना;	سهارو ڏيڻ، آڌار ڏيڻ، آڌو ڏيڻ؛	सहारो ड्यिणु, आधारु ड्यिणु, आडु ड्यिणु;	to set down, to rest, to place;
		3. अशक्त या दुर्बल होने पर सहारे के लिए शरीर का बोझ किसी चीज पर डालना।	ٽيڪڻ، سهارو وٺڻ	टेकणु, सहारो वठणु	to lean.
टेढ़ा	वि.	1. जो बीच में इधर-उधर झुका या घूमा हो, वक्र;	ڏنگو، وريل، مڙيل؛	ड्यिंगो, वर्यलु, मुड़यलु;	bent, curved;
		2. कुटिल, धूर्त;	ڏنگو، حرفت باز؛	ड्यिंगो, हिर्फ़त बाज़ु;	crooked;
		3. मुश्किल, कठिन, उलझन-पूर्ण;	مشڪل، ڏکيو، سنجهيل؛	मुश्किलु, डुख्यो, मुंझ्यलु;	difficult, intricate;
		4. जिसकी क्रिया, गति या मार्ग में किसी प्रकार की कुटिलता आ गई हो, तिरछा।	ترڇو، باونجيرو، ٽيڙو، ٽيڍو	तिर्छो, बावंजीरो, टेड़ो, टेढो	oblique, slanting, skew.
टेढ़ा-मेढ़ा	वि.	1. जिसमें बहुत अधिक घुमाव फिराव या मोड़ हो;	ڏنگو-ڏڏو؛	ड्यिंगो-फिड्यो;	crooked, zigzag, irregular;
		2. कठिन।	ڏکيو، مشڪل	डुख्यो, मुश्किलु	difficult, intricate.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टेर	स्त्री.	1. टेरने की क्रिया या भाव;	سڏ، هڪل؛	सड़, हकल;	the act of calling;
		2. किसीके बुलाने के लिए या सहायता के लिए ऊंचे स्वर में की जानेवाली पुकार;	مدد لاءِ پُڪار؛	मदद लाइ पुकार;	loud appeal or summon, a cry for help;
		3. संगीत में वह ऊंचा स्वर जिसका उच्चारण एक साथ कुछ समय के लिए किया जाता है।	گائڻ ۾ اونچو سُر، تان	ग॒ाइण में ऊंचो सुरु, तान	high pitch (in music).
टेरना	स. क्रि.	1. किसी को अपने पास बुलाने के लिए कुछ ऊंचे स्वर से या चिल्लाकर पुकारना;	سڏڻ، زور سان پڪارڻ؛	सड़ण, ज़ोर सां पुकारण;	to call aloud, to summon;
		2. किसी प्रकार के संकेत के रूप में या यों ही ऊंचा स्वर निकालना।	وڏو آواز ڪرڻ، ڏاڍيان لڳائڻ	वड॒ो आवाज़ु करण, डा॒ढया ग॒ाइण	to sing loudly, to produce a sound.
टेलीफोन	पुं.	वह यंत्र जिसके द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर बात-चीत की जा सकती है, दूरभाष यंत्र, दूरभाषक।	ٽيليفون	टेलीफोन	telephone.
टेव	स्त्री.	आदत।	عادت، هير، علت	आदत, हेर, इलत	habit
टेवा	पुं.	1. छोटी जन्मकुंडली, जन्मपत्री;	ننڍي ڇٺي، جنم پتري؛	नंढी छठी, जन्म पत्री;	a small horoscope;
		2. वधू पक्ष की ओर से वर पक्ष की ओर भेजा जानेवाला वह पत्र जिसमें विवाह के तय होने और विवाह संबंधी विभिन्न कृत्यों का समय लिखा रहता है, लगनपत्री।	ڪنوارين جي گهوٽين کي موڪليل شادي جي باري ۾ لگن پتري	कुंवारेतनि जी घोटेतनि खे मोकिल्यल शादीअ जे बारे में लगन पत्री	a letter intimating fixation of marriage and the time of various functions in the marriage ceremony (sent by bride's side to that of the bridegroom).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टेसू	पुं.	1. पलाश का वृक्ष और उसका फूल; 2. एक शारदीय उत्सव जिसमें लड़के गाते हुए घर-घर जाते हैं और वहां से पैसे या अनाज पाते हैं;	ڪيسوءَ جوڏڻ، ڪيسوڦل، هڪ ڏڻ	केसूअ जो वणु, केसूफुल; हिकु ड्रिणु;	the tree Butea rondosa and its flower; an autumnal festival;
		3. उक्त उत्सव पर गाए जाने वाले गीत।	مٿين ڏڻي گاڻ وارو گيت	मथिएं ड्रिण ते गाइण वारो गीतु	the songs sung during the above festival.
टैक्सी	स्त्री.	किराए पर चलनेवाली मोटरगाड़ी।	ٽيڪسي	टैक्सी	taxi.
टोंटी	स्त्री.	किसी पात्र या नल में आगे की ओर लगा हुआ वह छोटा मुंह जिसमें से पानी आदि गिरता है।	نلڪو، نل	नलिको, नलु	spout, tap.
टोक	स्त्री.	1. टोकने की क्रिया या भाव, वक्ता के बोलते समय बीच में ही रोकना;	ٽوڪ، اڙچڻ	टोक, अड़चण,;	interruption, intervention;
		2. बीच में रोक कर पूछी जाने वाली प्रश्नात्मक बात।	دست اندازي، وچ ۾ دخل	दस्त अंदाज़ी, विचमें दख़लु	questioning, interrogation.
टोक-टाक	स्त्री.	किसी को कोई काम करते देख कर उसके संबंध में किए जानेवाले छोटे-मोटे प्रश्न।	ٽوڪا ٽوڪي، سُوال جواب	टोका-टोकी, सुवालु-जवाबु	interruption by interrogation, intervention.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टोकना	स. क्रि.	1. वक्ता के बोलते समय बीच में ही श्रोता का उसे कोई बात कहने से रोककर कोई प्रश्न करना या अपनी शंका प्रगट करना;	ٽوڪڻ، اعتراض ڪرڻ، وچ ۾ دخل ڏيڻ؛	टोकणु, ऐतिराज़ु करुणु विचमें दख़ल ड्डियणु;	to object, to question, to interrogate;
		2. किसी को कोई काम करते हुए या किसी काम के लिए या ठीक तरह से करने के लिए कहना;	ڪُنڌ ڪنڌ ڪرڻ، ٽوڪڻ؛	खुंधि खुंध करणु, टोकणु;	to intervene, interrupt, check;
		3. लड़ने आदि के लिए आह्वान करना।	للڪارڻ	लल्कारणु	to challenge, to accost.
टोकरा	पुं.	बांस की खपचियों या तीलियों अथवा बैंत, सरकंडे आदि का बना हुआ खुले तथा चौड़े मुंहवाला बड़ा आधान।	ٽوڪرو، ڪارو	टोकिरो, खारो	a large basket, a coop.
टोकरी	स्त्री.	छोटा टोकरा।	ٽوڪري، ڪاري، ڇبي	टोकिरी, खारी, छबी	basket.
टोटका	पुं.	कोई बाधा या कष्ट दूर करने या मनोरथ सिद्ध करने के लिए किसी दैवी शक्ति पर विश्वास करके किया जानेवाला उपचार या औपचारिक कृत्य।	ٽوٽو ٿيٽو، ٽوٽڪو، ڪامڻ، جادو	टोणो-फीणो, टोटिको, कामणु, जादू	totem, witchcraft, sorcery.
टोटा	पुं.	1. लेन-देन, व्यवहार आदि में होनेवाली आर्थिक क्षति, घाटा, हानि;	گهاٽو، نقصان؛	घाटो, नुक्सानु;	loss, damage;
		2. अभाव, कमी;	کوٽ، ڪمي، ڪاڻ؛	खोटि, कमी, काणि;	want, deficiency, scarcity;
		3. किसी वस्तु का कोई छोटा अंश या टुकड़ा।	ٽڪرو، ٽوٽو (بيڙي، سگريٽ جو)	टुकिरो, टोटो (बीड़ी, सिग्रेट जो)	butt-end (of a cigarette etc.)
टोड़ी	स्त्री.	प्रातः काल गाई जानेवाली सम्पूर्ण जाति की एक रागिनी।	ٽوڙي (راڳڻي)	टोड़ी (रागिणी)	the name of a ragini or musical mode.
	वि.	खुशामदी, चाटुकार।	خوشامندي	ख़ुशामंदी	sycophant.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टोना	पुं.	टोटका, छोटा-मोटा तांत्रिक उपचार।	ٽوٽو، ٽيٽو، جادو	टोणो, फीणो, जादू	totem, witchcraft, sorcery.
टोप	पुं.	1. बड़ी टोपी; 2. लड़ाई में सिर पर पहनी जानेवाली टोपी, शिरस्त्राण।	ٽوپ؛ ٽوپلو، لوهي ٽوپ	टोपु; टोपिलो, लोही टोपु	hat; helmet.
टोपा	पुं.	(जाड़े आदि में पहनी जानेवाली) बहुत बड़ी टोपी	ٽوپ (گرم)	टोपु (गर्म)	large-sized headwear (worn during winter etc.).
टोपी	स्त्री.	1. सिर पर रखने का एक विशिष्ट प्रकार का हलका लंबोतरा तिकोना या चौकोर पहनावा; 2. टोपी के आकार की गोल और गहरी ढकने की वस्तु; 3. बोतल आदि का मुंह बंद करने का धातु का ढक्कन; 4. टोपी के आकार का गहरा ढक्कन जिसे बंदूक पर चढ़ाकर घोड़ा गिराने से आग पैदा होती है।	ٽوپي؛ ٽوپي، ٽوپيءَ جهڙو ڍڪ؛ بوچ، بنجي (بوتل جي)؛ ٽوٽي	टोपी; टोपीअ जहिड़ो ढकु; बुच, बुंजी (बोतल जी); टोटी	cap, hat; cover; cork; percussion cap.
टोला	पुं.	किसी बस्ती का कोई विशिष्ट विभाग, मुहल्ला।	پاڙو، محلو، گهٽي	पाड़ो, मुहलो, घिटी	a quarter, zone or ward of a village or town.
टोली	स्त्री.	1. मनुष्यों का समूह, मंडली, दल; 2. पशुओं आदि का झुंड।	ٽولي؛ ڌڻ، جهنڊ	टोली; धणु, झुंडु	band, batch, group, troupe; herd, group.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
टोह	स्त्री.	1. खोंज, जांच, तलाशी;	کوج،گولا (گولها)، تلاش؛	खोज, गोला (गोल्हा), तलाश;	search, reconaissance;
		2. किसी अज्ञात बात का लगनेवाला कुछ पता, पता ठिकाना;	ٹوهه، پتو پيرو؛	टोह, पतो-पेरो;	whereabouts;
		3. मन की थाह लेने की क्रिया, थाह लेना, पता लगाना।	منجهه (منجي ٿاهه)	मंझु (मन जी थाह)	sounding.
टोहना	स. क्रि.	1. किसी अज्ञात चीज का पता लगाना खोजना;	گولڻ (گولهڻ)، ٻُڌڻ، وٺڻ؛	गोलणु (गोल्हणु), पुठि वठणु;	to grope, to search, to trace;
		2. जानने के लिए कुछ छूकर देखना।	ڇهي محسوس ڪرڻ	छुही महसूसु करणु	to feel for, to feel, to touch.
ट्यूब	पुं.	1. मोटर आदि के टायर के अंदर रहनेवाला रबर का एक चक्राकार टुकड़ा जिसमें हवा भरी जाती है;	ٽيوب،	टयूबु,	tube;
		2. रबर, कांच या किसी पतली धातु की नली।	نلڪي، نلي	नलिकी, नली	a cylinder of rubber, glass or thin flexible metal, a tube.
ट्रक	पुं.	माल ढोने की एक प्रकार की भारी मोटर गाड़ी।	ٽرڪ، لاري	ट्रकि, लारी	truck.
ट्राम	स्त्री.	बड़े-बड़े शहरों में बिजली की सहायता से चलनेवाली छोटी गाड़ी।	ٽرام	ट्राम	tram.
ठंड	स्त्री.	सर्दी।	سيءُ، ٺڌ	सीउ, थधि	cold.
ठंडक	स्त्री.	1. शीत;	سيءُ، ٺڌ، ٺڌڪار؛	सीउ, थधि, थधिकार;	cold;
		2. ताप या जलन की कमी;	گرميءَ جي گهٽتائي؛	गर्मीअ जी घटिताई;	reduced temperature;
		3. (ला०) सन्तोष।	سنتوش، تسلي	संतोष, तसल्ली	solace.
ठंडा	वि.	1. उष्णता या ताप रहित;	ٺڌو، ٺڌي؛	थधो, थधी;	cold, cool;
		2. सुखद;	آرام ڏيندڙ، سکداڻي؛	आरामु डींदड़ु, सुखदाई;	soothed;
		3. (पदार्थ) जो पूरी तरह से जल चुका हो अथवा जो बिल्कुल बुझ चुका हो	ٺڌو، وسائل	थधो, विसाणलु	extinguished.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	सिंधी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ठंडाई	स्त्री.	बादाम, सौंफ, गुलाब की पत्तियों और खरबूजे आदि के बीजों को घोट कर बनाया गया शरबत जो शीतल होता है।	ٹاڏل	थाधलि	cooling drink.
ठंडा युद्ध	पुं.	राजनीतिक क्षेत्रों में एक दूसरे के प्रति चली जानेवाली ऐसी चालें या दांव-पेंच जिसमें शस्त्रास्त्रों का प्रयोग न होने पर भी परिणाम या फल वैसा ही त्रासदायक होता है जैसा शस्त्रास्त्रों से होनेवाले युद्ध का होता है।	سرد لڑائي	सर्दु लड़ाई	cold war.
ठकुरसुहाती	स्त्री.	स्वामी अथवा किसी बड़े व्यक्ति को प्रसन्न करने या रखने के लिए कही जानेवाली खुशामद भरी बात।	چاپلوسيءَ ڀريا گفتار، اجائي واکاڻ	चाफ्लूसीअ भरी गुफ़्तार, अजाई वाखाणि	compliment, flattery.
ठकुराई	स्त्री.	1. ठाकुर होने की अवस्था या भाव;	ٺڪراٽي؛	ठकुराई;	the rank or status of thakur;
		2. वह प्रदेश या भूभाग जो किसी ठाकुर के अधीन हो;	ٺاڪرجي زمين؛	ठाकुर जी ज़मीन;	the region or land which is under the thakur;
